वर्ष- 21 अंक - 317 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 03 मई 2026

## नरगिस बीमार

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान की जेल में बंद नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी को गंभीर हृदय समस्या और बार-बार बेहोशी के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेहतर इलाज के लिए उन्हें तेहरान शिफ्ट करने की मांग की गई है। डॉक्टरों का कहना है कि बेहतर इलाज के लिए उन्हें तेहरान के बड़े अस्पताल में भेजना जरूरी हो सकता है।

# 4 मंजिला इमारत में फटा एसी, लगी आग
# 9 की मौत, 6 फ्लैट जलकर खाक

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के विवेक विहार इलाके में आज तड़के चार मंजिला एक इमारत में भीषण आग लग गई। इस हादसे में अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 4 अन्य लोग बुरी तरह झुलस गए। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह एसी ब्लास्ट बताई जा रही है। इस आग से इमारत के 6 प्लैट जलकर खाक हो गए। बताया जाता है कि बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में एसी ब्लास्ट के कारण आग लगी थी जो तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। तीसरी मंजिल पर आग लपटे पहुंचने के बाद फ्लैट में मौजूद लोग खुद को बचाने के लिए छत की ओर भागे, लेकिन छत का दरवाजा बंद था, जिसके बाद उनकी आग से मौत हो गई। वहीं, दूसरी मंजिल पर भी चार लोग मौजूद थे, जिसकी मौत हो गई है।







## जबलपुर का बरगी बांध हादसा
## 48 घंटे बाद मिला 9 वर्षीय मयूरन का शव

**जबलपुर.एजेंसी।** बरगी बांध में गुरुवार को डूबे क्रूज में सवार लापता पर्यटकों में से 48 घंटे बाद नौ वर्षीय मयूरन पिता परिमल का शव आज रविवार की सुबह मिल गया है, जबकि कामरान की तलाश अब भी जारी है। बताया जा रहा है कि आज सुबह कामराज का शव भी मिल गया जिसकी अधिकृत पुष्टि होना बाकी है। घटना के बाद से जबलपुर आयुध निर्माणी खमरिया निवासी आर कामरान), उनका भतीजा मयूरन (9) लापता थे। दुर्घटना में मृत दो महिला पर्यटकों के शव को शनिवार को विशेष विमान से तमिलनाडु ले जाए गए थे। हादसे में अब तक 13 मौतें हो चुकी हैं।

### समुद्री लुटेरों ने ऑयल टैंकर पर किया कब्जा

**रविवार.एजेंसी।** अदन की खाड़ी में सक्रिय समुद्री लुटेरों ने यमन के तट के पास एक तेल टैंकर 'यूरेका' को अपने कब्जे में ले लिया। अज्ञात हमलावरों ने जहाज पर सवार होकर उसका नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया और अब वो इसे सोमालियाई तट की ओर ले जा रहे हैं।

## ट्रंप ने कहा-ईरान अब कमजोर
## जरूरत पड़ी तो फिर करेंगे हमला

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा भीषण युद्ध खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। ईरान ने इस युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए अमेरिका के सामने एक नया 14 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है। हालांकि, मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस नए प्रस्ताव से पूरी तरह संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि भले ही वह ईरान के इस प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, लेकिन अगर ईरान ने कोई भी गलत हरकत की, तो अमेरिका उस पर फिर से सैन्य हमले शुरू कर देगा। इस कड़े रुख से साफ है कि दोनों देशों के बीच शांति का रास्ता अभी भी बहुत मुश्किल है।

## ईरान ने दो जासूसों को दी फांसी

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान ने इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में दो लोगों को फांसी दे दी है। पिछले दो महीनों में ईरान में फांसी की सजाओं में भारी बढ़ोतरी देखी गई है, जिसे लेकर संयुक्त राष्ट्र ने भी चिंता जताई है। 28 फरवरी के बाद से अब तक ईरान में कम से कम 21 लोगों को फांसी दी जा चुकी है और 4000 से ज्यादा लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में गिरफ्तार किया गया है।

## गुजरात में भाजपा के 118 मुस्लिम प्रत्याशी जीते

**अहमदाबाद.एजेंसी।** गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा ने मुस्लिम उम्मीदवारों को बड़ी संख्या में टिकट देकर एक नया राजनीतिक प्रयोग किया। कुल 277 उम्मीदवारों में से 118 की जीत हुई, जबकि 159 को हार का सामना करना पड़ा। यह परिणाम दिखाता है कि पार्टी को आंशिक सफलता मिली है।



## सनकी पति ने पत्नी और 4 बच्चों को जहर देकर मार डाला

**गुरुग्राम.एजेंसी।** गुरुग्राम में एक सनकी पति नाजिम ने चार मासूमों और पत्नी को ज़हर देकर मार डाला फिर खुद भी जान देने की कोशिश की। पांचों का शव घर से बरामद हुआ है। वहीं आरोपी को एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। आरोपी नाजिम ने दिल्ली की रहने वाली नजमा से प्रेम विवाह किया था। अब नाजिम ने पत्नी नजमा और 8 से 14 साल के चार बच्चों को मौत के घाट उतार दिया।

## प्रेमिका के कहने पर पत्नी का मर्डर

**बरेली।** बरेली में भारत सिंह यादव नाम के फौजी ने प्रेमिका के दबाव में आकर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पांच साल पुराना फेसबुक प्रेम संबंध इस हत्या की वजह बना। पुलिस ने मुख्य आरोपी के बाद अब प्रेमिका सुरभि यादव को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## महिला ने चार बच्चों को दिया जहर, फिर हथौड़े से फोड़ दिए सिर

**अंबेडकर नगर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में एक महिला ने अपने चार बच्चों का कत्ल कर दिया। महिला ने चारों बच्चों को पहले जहर दिया फिर हथौड़े व ईंट से सिर फोड़कर उनकी जान ले ली। घर की दीवार और बिस्तर खून से सन गए। बताया जाता है कि महिला का पति सऊदी अरब में रहता है। उसने वहां पर एक पाकिस्तानी महिला से दूसरा निकाह कर लिया। इसलिए पहली पत्नी ने अपने चारों बच्चों को मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गई।

## 73 साल की दादी ने पैदल पूरी की केदारनाथ यात्रा




**केदारनाथ.एजेंसी।** महाराष्ट्र की 73 वर्षीय महिला ने अपनी हिम्मत और श्रद्धा से सभी को प्रेरित कर दिया है। उन्होंने 11,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ मंदिर तक की 22 किलोमीटर लंबी कठिन यात्रा बिना किसी सहारे के पैदल पूरी की। जहां अधिकतर लोग घोड़े, पालकी या हेलीकॉप्टर का उपयोग करते हैं, वहीं इस दादी ने केवल अपने मजबूत इरादे और विश्वास के दम पर यह चुनौती पार की। कई लोगों ने दादी की मदद का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने किसी की मदद नहीं ली।

## 3 महिलाओं सहित 7 लोग जिंदा दफन

**रविवार.एजेंसी।** झारखंड के धनबाद में स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की मुनीडीह कोल वाशरी में कोयले की सफाई के दौरान कोयले की स्लरी में दबकर चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। उधर उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में आज सुबह मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के थाभां गांव में मिट्टी का टीला ढहने से आठ महिलाएं दब गईं। इस घटना में तीन महिलाओं की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

## दहीबड़ा खाने से 1 की मौत, 58 बीमार

**जाजपुर.एजेंसी।** ओडिशा के जाजपुर में दहीबड़े खाने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि 58 लोग बीमार हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इन्होंने सड़क किनारे एक विक्रेता से दहीबड़े खरीदकर खाए थे।

# महापौर ने साइकिल चला कर दिया पानी बचाने का संदेश

## सुबह नेहरू स्टेडियम से आयोजित की गई साइक्लोथान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





**इंदौर नगर निगम के द्वारा आज सुबह साइकिल चलाकर शहर के नागरिकों को पानी बचाने का संदेश दिया गया। तेज गर्मी के इस मौसम में यह संदेश आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए दिया गया। इसके माध्यम से लोगों से बारिश के पानी को सहेज ने और जमीन के अंदर पहुंचाने की अपील की गई।**

जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए आज प्रातः महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में नेहरू स्टेडियम से क्लीन इंदौर सेव वाटर साइक्लोथान का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर भार्गव द्वारा साइकिल चलाकर जल संरक्षण के लिए नागरिकों को प्रेरित किया गया तथा जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। भार्गव ने कहा कि ग्रीन इंदौर, क्लीन इंदौर, क्लीन वॉटर और जल गंगा संवर्धन अभियान के संदेश के साथ हर वर्ष हम यह साइक्लोथान का आयोजन करते हैं। भविष्य में हमारे बच्चे एवं उनके बच्चों के लिए पानी बचाने के उद्देश्य से हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इंदौर का भूमि का जल स्तर जो की लगातार कम होता जा रहा है, अगर हम लोग जागरूक नहीं हुए तो हमारे बच्चे और उनके बच्चों के लिए पानी नहीं रहेगा। इंदौर की जनसंख्या बढ़ रही है जो जनसंख्या इंदौर की 2030 में अनुमानित थीं, वह जनसंख्या 2023 में ही हो गई। जल संरक्षण के लिए हम सभी वाटर हार्वेस्टिंग के घरों पर छोटे-छोटे संयंत्र लगाए, जिससे भूमिगत जल का स्तर बढ़ाया जा सके। इंदौर देश में दूसरे नंबर का महंगा पानी पीने वाला शहर है, पहले स्थान पर शिमला है।

भार्गव ने कहा कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर स्वच्छता के फीडबैक में भी नंबर वन बने इस उद्देश्य से नागरिकों से अपील की है कि स्वछता फीडबैक में अपना सहयोग प्रदान करें।

जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने कहा कि इंदौर ने पिछले वर्षों से जल संरक्षण एवं भूमिगत जल को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं, पिछले तीन वर्षों के अंदर शहर में रिचार्ज सॉफ्ट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए लगातार कार्य किया है जिसके तहत लगभग 500 से अधिक रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण, कुएं-बावड़ी, तालाबों के साथी तालाबों की चैनल का संरक्षण, गहरीकरण एवं सफाई का कार्य किया है। इसके साथ ही शहर के नागरिकों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने तथा शहर की जनता को जागरूक करने के क्रम में साइक्लोथान का आयोजन किया गया है। अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि साइक्लोथान नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग जीपीओ चौराहा, राजीव गांधी चौराहा, माणिक बाग रोड, कलेक्टर चौराहा, टावर चौराहा, सपना संगीता, इंदिरा प्रतिमा होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पर समाप्त हुई। इस आयोजन में शहर के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं साइक्लिंग प्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। आयोजन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट, केप, प्रमाण पत्र एवं रिफ्रेशमेंट प्रदान किया गया।

# अपनी कमाई का 10 प्रतिशत करो दान-विजयवर्गीय

## क्लॉथ मार्केट हास्पिटल में मंत्री ने किया फिजियोथेरेपी सेंटर और ब्लड बैंक का शुभारंभ, दान-दाताओं का हुआ सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



**पश्चिम क्षेत्र का सबसे बड़ा पारमार्थिक हास्पिटल में दो नई सेवाएं कल जुड़ गई है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने फिजियोथेरेपी सेंटर और ब्लड बैंक का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंनै दान-दाताओं का सम्मान भी किया और कहा कि सभी को अपनी कमाई का 10 प्रतिशत दान और सेवाकार्य में लगाना चाहिए।**

गंगवाल बस स्टैण्ड के समीप स्थित क्लॉथ मार्केट हास्पिटल में उद्घाटन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अस्पताल के लिए दान देने वाले लोगों का सम्मान किया। उन्होंने अपनी माता और पिता से जुड़ा किस्सा सुनाया और कहा कि जब मेरे पिता मिल में काम करते थे तब उन्हें जो वेतन मिलता था उसका 10 प्रतिशत वे मेरी माता को देते थे। माँ उन 10 प्रतिशत राशि से दान धर्म और कन्यादान जैसे कामों में खर्च करती थी। फिजियोथेरेपी सेंटर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल भल्लू यादव की स्मृति में उनके बेटे दीपू यादव के सहयोग से बनाया गया है। कार्यक्रम में यादव परिवार से जुड़े खरगोन के कसरावद के विधायक सचिन यादव भी मौजूद थे। इसके अलावा क्लॉथ मार्केट मर्चेन्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी, पवन सिंघानिया और आशीष साबू मौजूद थे।

### कांग्रेस के प्रभारी मंत्री से मैंने कई काम करवाए

मंत्री विजयवर्गीय ने कार्यक्रम में मौजूद सचिन यादव के पिता सुभाष यादव को याद किया और कहा कि वे इंदौर के प्रभारी थे और पूर्व केबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। विजयवर्गीय ने यादव से अपने सम्बन्धों का ब्योरा देते हुए कहा कि वे मेरे किसी काम के लिए मना नहीं करते थे और कहते थे तुम यहां आया मत करो, केवल एक चिट्ठी पहुंचा दिया करो, इन सम्बन्धों को ध्यान में रखते हुए सचिन यादव ने कल विजयवर्गीय को चाचा कहकर सम्बोधित किया।

### समर्थक को एक के बाद एक खिला दिए 20 रसगुल्ले



मंत्री विजयवर्गीय ने कार्यक्रम के बाद आयोजित स्वल्पाहार में अपने समर्थक हरि को 20 रसगुल्ले खिला दिए। विजयवर्गीय ने अपने इस समर्थक पर पहले भी कई बार ऐसा प्रेम बरसाया है और समर्थक ने भी अपने नेता के हाथों से बिना सोचे-समझे इतने रसगुल्ले खा लिए, जब रसगुल्ले गले नहीं उतरे तो पानी पीकर उन्हें गले उतारा, लेकिन विजयवर्गीय को मना नहीं किया।

# कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का मिलन समारोह

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ में नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का आज शाम को गांधी भवन में मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सज्जनसिंह वर्मा, सत्यनारायण पटेल, चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, मनोहर धवन, अमित चौरसिया, हर्ष जैन सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।



# पार्षद जैन ने किया पौधारोपण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लाड़ली लक्ष्मी उत्सव दिवस कल पूरे प्रदेश में मनाया गया। स्कीम नं. 140 स्थित लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पार्षद राजीव जैन और जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने पौधारोपण किया। उल्लेखनीय है कि लाड़ली लक्ष्मी दिवस पर हर वर्ष यहां बालिकाओं द्वारा पौधारोपण किया जाता है। बीते 8 वर्षों से यह क्रम जारी है। कई पौधे अब वृक्ष बनकर खड़े हैं। लाड़ली बालिकाओं को अच्छी पढ़ाई के लिए जागरूक भी किया गया। वहीं विवाह की उम्र 18 वर्ष से अधिक होने को लेकर समझाइश भी दी गई। कार्यक्रम में नेहा राजोरिया, ललिता नवाया, सरस्वती सेंगर, सुरुचि खेडेकर उपस्थित थी।



# भाजपा नेता ने करवाया धार्मिक आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा के पिछड़ा वर्ग के नगर महामंत्री जीतू कुशवाह ने गणगौर घाट स्थित प्राचीन बाल हनुमान मंदिर पर भंडारे और भजन संध्या का आयोजन गणगौर घाट सेवा समिति के बैनर तले करवाया। आयोजन में भाजपा और कांग्रेस से जुड़े कई लोग पहुंचे। राजीव विकास केन्द्र से जुड़े धर्मेन्द्र कटारिया भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए।

# किसानों के हक की लड़ाई के लिए मैदान में उतरेगी कांग्रेस

## 7 मई को एबी रोड पर होगा चक्काजाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के संयुक्त प्रयास से एबी रोड पर 7 मई को चक्काजाम किया जाना है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं की एक बैठक देपालपुर में आयोजित की गई, जिसमें आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में इस आन्दोलन के लिए जन भागीदारी के लिए कार्यकर्ताओं पर जोर दिया गया। आन्दोलन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीसिंह पटेल के द्वारा किया जाएगा। कल बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और डॉ. दौलत पटेल ने ग्राम पंचायत अध्यक्षों, मंडलम अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किसानों के हक की लड़ाई के लिए मैदान में उतरने के लिए कहा। उन्होंने आन्दोलन को लेकर कई सुझाव पर चर्चा की। इसी कड़ी में आज 3 मई को सांवेर विधानसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक ली जा रही है।

# मुख्यमंत्री आज दे रहे हैं इकोनॉमिक कॉरिडोर की बड़ी सौगात

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर के विकास को नई गति देने वाले इंदौर–पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमिपूजन कार्यक्रम आज दोपहर 12.30 बजे के करीब एमपीआईडीसी नैनोद में मुख्यमंत्री कर रहे हैं। इंदौर-पीथमपुर की समृद्धि का नया दौर की शुरूआत आज से हो रही है। यह आने वाले दिनों में ग्रोथ कारिडोर साबित होगा, जो अर्थ व्यवस्था को ऊंचाई पर ले जाएगा। इस योजना से आने वाले सालों में बड़ा निवेश प्राप्त होगा। यह भी कहा जा रहा है कि इससे इंदौर की जीडीपी पांच सालों में दो गुना हो सकती है। कॉरिडोर के जरिए आईटी, लॉजिस्टिक्स, फिनटेक, एरोसिटी और ग्रीन इंडस्ट्री जैसे सेक्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर बनेंगे। इस प्रोजेक्ट से प्रत्यक्ष रूप से 1 लाख से अधिक और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है। पीथमपुर से एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे देश-विदेश से आने वाले उद्योगों और कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को सुविधा मिलेगी। यहां डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत इंडस्ट्री के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। यह कॉरिडोर इंदौर और पीथमपुर को आधुनिक कनेक्टिविटी से जोड़ेगा। कॉरिडोर एयरपोर्ट से जुड़ा होने के कारण उज्जैन–इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन के विकास को भी गति देगा। पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, पीथमपुर ऑटो क्लस्टर जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। इस मामले में सांसद शंकर लालवानी ने भी कल मीडिया से चर्चा में जानकारी दी थी कि आज बड़ी सौगात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दे रहे हैं। आज दोपहर विमानतल पर मुख्यमंत्री करीब 12.20 बजे पहुंच रहे हैं और वे 12.30 बजे कारिडोर की सौगात दे रहे हैं। मुख्यमंत्री दोपहर 2.15 बजे एयरपोर्ट से डॉ. आम्बेडकर नगरी वेटनरी कॉलेज पहुंचेंगे और वे बंसल इंजीनियरिंग कॉलेज में शिरकत करेंगे और फिर आम्बेडकर नगरी महू आकर इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहीं से मुख्यमंत्री शाम 4.15 बजे के करीब तिलक नगर जैन समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे और शाम 5 बजे तिलक नगर से बायपास होटल के कार्यक्रम में और उसके बाद स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होते हुए, शाम 6.50 बजे विमानतल से प्रस्थान करेंगे।

## जैन समाज के आयोजन में मौजूद रहेंगे मुख्यमंत्री

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

तिलक नगर स्थित श्री राजेन्द्र सूरी आराधना भवन में आज दोपहर 3.30 बजे से भव्यातिभव्य प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य हितेशचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. की निश्रा में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 4.15 बजे शिरकत करेंगे। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहेंगे और मुख्यमंत्री का अभिनंदन भी किया जाएगा। आयोजन में श्री सौधर्महुतपागच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ, श्री आदिनाथ राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट, श्री मोहनखेड़ा तीर्थ, श्री राजेन्द्र सूरी आराधना भवन एवं श्री पार्श्व राजेन्द्र प्रतिष्ठा महोत्सव समिति का संयुक्त तत्वाधान रहेगा।

## बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज में मतदान

### जिला सभा और कार्य समिति को लेकर डाले जा रहे हैं वोट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**





बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज में पिछले रविवार को भी पदाधिकारियों और कार्यकारी मंडल के लिए मतदान हुआ था, अब इस रविवार को फिर से जिला सभा सदस्यों और कार्यसमिति सदस्यों के लिए मतदान छत्रीबाग स्थित माहेश्वरी स्कूल के आरके डागा कैम्पस में किया गया। आज मतदान सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया गया। दो पैनल आमने-सामने हैं और कल रात दोनों ही पैनल ने अलग-अलग अपने समर्थकों की बैठक भी आयोजित की थी। जिला सभा के लिए एक पैनल में एक उम्मीदवार ज्यादा है तो दूसरी पैनल में 5 उम्मीदवार है। वहीं कार्यसमिति में भी दोनों पैनल में उम्मीदवारों की कमी देखी गई। 71 के कार्यकारी मंडल सदस्यों के अलावा पदेन सदस्यों ने भी अपने मत का उपयोग किया। मतगणना दोपहर में की जाएगी। संभावना है कि शाम 4 बजे तक परिणाम आ जाए। गत रविवार के परिणाम सुबह 4 बजे आए थे और लाइट बंद हुई थी, जिस पर परिणाम को लेकर अंगुलियां भी उठी थी। इधर पूर्वी क्षेत्र में भी चुनाव निरस्त हुए हैं, चुनाव अधिकारी का कहना रहा कि पहले चुनाव स्थगित हुए थे फिर निरस्त किए गए हैं।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष दोपहर से लेकर रात तक करेंगे बैठक

### गमछा बांटने के आयोजन से लेकर बुद्ध जयंती के कार्यक्रम में भी होंगे शामिल

#### पटवारी भी रहेंगे बुद्ध विहार आम्बेडकर भवन में मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे आज सुबह 11 बजे से लेकर रात 9 बजे तक के संगठनात्मक कार्यक्रम में व्यस्त है। आज सुबह कांग्रेस नेता बंटी बदलानी ने ग़र्मी से बचाव के लिए सैकड़ों गमछों का वितरण कार्यक्रम रखा है, जिससे चौकसे के कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। वहीं आज दोपहर 2 बजे गांधी नगर वार्ड 15 के प्रमुख लोगों के साथ चौकसे संगठनात्मक बैठक करेंगे और शाम 4 बजे से प्रदेश कांग्रेस द्वारा बनाए गए विधानसभा के 6 प्रभारियों के साथ 7 मई को होने वाले किसान आन्दोलन को लेकर बैठक करेंगे। शहर से ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एबी रोड चक्काजाम में शामिल हो इस पर रणनीति तैयार की जाएगी। वहीं असंगठित मजदूर संगठन की बैठक शाम 5 बजे गांधी भवन में हैं। शाम 6.30 बजे बुद्ध जयंती का आयोजन मुकुल वाघ ने बुद्ध विहार आम्बेडकर नगर पर रखा है, जिसमें जीतू पटवारी और चिंटू चौकसे भी शामिल होंगे। पटवारी वहीं से दिल्ली निकल जाएंगे। विधानसभा 1 की दो ब्लॉक की बैठक शाम 7 और 8 बजे अलग-अलग रखी गई है, इसमें ब्लॉक के पदाधिकारी बनाए जाएंगे और किसान आन्दोलन के लिए सभी कांग्रेसियों को टीम के साथ निर्देश भी दिए जाएंगे। सुबह 11 बजे से शहर अध्यक्ष का कार्यक्रम शुरू होगा जो रात 9 बजे तक चलेगा।

## श्वेताम्बर जैन समाजजन चाहते हैं विवाद का हो पटाक्षेप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

महावीर जन्म कल्याणक नवकारसी आयोजन में बाधा के बाद यह विवाद सुर्खियों में आया था, जो सिटी ब्लास्ट में भी प्रकाशित हुआ था और कई दिनों के बाद जब श्वेताम्बर जैन महासंघ ने बैठक आयोजित कर मुद्दे को हवा दी थी तब मामला और भी गर्म हो गया था, जब श्री नाकोड़ा जैन कान्फ्रेंस ने इस मामले में तीखा पलटवार भी किया था और मामले में कानूनी नोटिस का मुद्दा भी उठा, अब श्वेताम्बर जैन समाजजन यही चाहते हैं कि नवकारसी आयोजन और महासंघ पदाधिकारियों के बीच संवाद स्थापित हो, जिससे समाज की प्रतिष्ठा बाहर खराब ना हो। इसके लिए कुछ समाजजनों ने वरिष्ठ लोगों के नाम भी लिखे कि वे बीच में आए और तालमेल बैठाए। वहीं जैन संत ने भी समाज में एकता के संकेत दिए हैं।




## पत्रकारिता पाठ्यक्रम में बदलाव जरूरी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्टेट प्रेस क्लब ने मीडियाकर्मियों के लिए जर्नी ऑफ़ ए जर्नलिस्ट कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार आनंद त्यागी ने उद्बोधन दिया और कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता पाठ्यक्रम में आमूल-चूल परिवर्तन की जरूरत है। पुराना पाठ्यक्रम नए स्टूटेंड को नए दौर के मुताबिक़ तैयार नहीं कर पा रहा है। इसलिए पाठ्यक्रम में बदलाव जरूरी है। प्रवीण खारीवाल, राजेन्द्र कोपरगांवकर, रचना जौहरी, शीतल रॉय, सोनाली यादव, बंसीलाल लालवानी, संजय मेहता ने त्यागी का स्वागत किया।

## 28 घंटे बाद भी लपटों पर काबू नहीं 2 लाख लीटर पानी भी पड़ा कम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली हप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट के पीछे बने ग्रीन वेस्ट प्लांट में लगी भीषण आग प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। शनिवार सुबह लगी यह आग 28 घंटे बीत जाने के बाद भी पूरी तरह नहीं बुझ पाई है। कचरे के विशाल ढेर के नीचे दबी चिंगारियों के कारण आग बार-बार सुलग रही है, जिससे आसपास के इलाकों में धुएं का गुबार छाया हुआ है। शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे प्लांट में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर रवाना किया गया। दमकल विभाग की टीमें तब से लेकर अब तक लगातार आग बुझाने के प्रयास में जुटी हैं और करीब दो लाख लीटर से ज्यादा पानी का छिड़काव किया जा चुका है।

## ऑफिस में लगी आग

**इंदौर।** देवास नाका क्षेत्र स्थित पांचाल कंपाउंड में बीती रात एक ऑफिस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। शुरूआत में सूचना एक गोदाम में आग लगने की मिली थी, लेकिन जब दमकल की टीम मौके पर पहुंची तो वहां एक बेंगलुरु बेस्ड कंपनी का ऑफिस धू-धू कर जल रहा था। दमकल कर्मियों ने समय रहते मोर्चा संभालकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ी घटना टल गई।

# इंदौर में पर्याप्त पानी के लिए निगम लेगा 1530 करोड़ का लोन

## लोन देने के इच्छुक संस्थाओं से निगम ने मांगा प्रस्ताव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए कार्य करने के मकसद से 1530 करोड़ रुपए का लोन लिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा लोन देने के इच्छुक संस्थाओं से प्रस्ताव मांगा गया है।**

निगम के द्वारा आज एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट जारी करते हुए उन सभी संस्थाओं से प्रस्ताव मांगा गया है जो की इंदौर नगर निगम को 1530 करोड रुपए का लोन देने के लिए इच्छुक है। निगम को इस राशि की जरूरत नर्मदा पेयजल योजना के चतुर्थ चरण के कामकाज के लिए है। इस योजना के कामकाज का पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा भूमि पूजन करते हुए शुभारंभ किया गया था। मोटे तौर पर अनुमान है कि अगले 3 साल में यह काम पूरा होगा। इस काम के लिए भारत सरकार के द्वारा भी पैसा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से भी नगर निगम को पैसा मिल रहा है। नगर निगम को अपनी जेब से जो पैसा लगाना है वह पैसा नगर निगम के द्वारा लोन लेकर हासिल किया जाएगा और बाद में किस्तों के रूप में चुकाया जाएगा।

निगम के द्वारा जारी किए गए एक्सप्रेशन का इंटरेस्ट में कहा गया है कि 15 साल के लिए इस लोन की आवश्यकता है। लोन की किस्तों का भुगतान नर्मदा पेयजल योजना के चतुर्थ चरण का काम पूरा होने के 3 साल के बाद शुरू किया जाएगा। अपनी खराब दिखती स्थिति और ठेकेदारों को भुगतान नहीं करने के लिए पहचाने जाने वाले नगर निगम के द्वारा यह बड़ा लोन लेने की कोशिश की जा रही है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि लोन की इस राशि से ही नर्मदा पेयजल योजना के चतुर्थ चरण का कार्य पूरा हो सकेगा। जब यह काम पूरा हो जाएगा तो इंदौर को पर्याप्त पानी मिल जाएगा। इससे फिर नगर निगम के द्वारा बाईपास और उससे जुड़े क्षेत्रों में भी जल सप्लाई किया जा सकेगा। निगम की आय में इजाफा होगा और उस इजाफा में से नगर निगम इस कर्ज की किस्त चुका सकेगा।

### कर्ज चुकाता है समय पर

नगर निगम की वित्तीय स्थिति चाहे जितनी खराब रहे और उसके द्वारा चाहे विकास कार्य को अंजाम देने वाले ठेकेदारों को उनके बिल की राशि का भुगतान नहीं किया जाता हो लेकिन उसके बाद भी नगर निगम के द्वारा हमेशा कर्ज की किस्त समय पर चुकाने का काम किया जाता है। निगम का यह रिकॉर्ड ही उसे नया लोन दिलाने का रास्ता साफ करता है। निगम के द्वारा अब तक जब भी जितने भी लोन लिए गए उनमें से सभी लोन में समय पर किस्त चुका कर यह भरोसा अर्जित किया गया है कि यदि इंदौर नगर निगम को कर्ज दिया है तो पैसा वापस समय पर आ जाएगा।

# एक दिन बाद ही तापमान फिर पहुंचा 40 डिग्री पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मात्र एक दिन के अंतराल के बाद ही इंदौर का तापमान एक बार फिर 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच चुका है। इसके साथ ही अब जाकर नगर निगम को नागरिकों की सुविधा की याद आई है।**

**नागरिकों की सुविधा की अब जाकर आई निगम को याद**

शुक्रवार के दिन इंदौर में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। कई दिनों के बाद ऐसा मौका आया था जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंचा था। इसके बाद में यह उम्मीद ज़ागी थी कि अब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहते हुए नागरिकों को गर्मी से थोड़ी राहत देने की पहल करेगा। यह उम्मीद पहले दिन में ही ढेर हो गई। कल शहर का अधिकतम तापमान बढ़ते हुए 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके साथ ही नागरिकों को तेज और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। वैसे तो तापमान गर्मी के मौसम में इससे भी ज्यादा होता है। लेकिन इस बार अभी से जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है उसे देखते हुए लगता है कि चालू महीना और उसका अगला महीना ज्यादा भारी पड़ सकता है।

तेज गर्मी के इंदौर में नगर निगम को अब जाकर नागरिकों की समस्या और सुविधा की याद आई है। नगर निगम के द्वारा कल लैंटर्न चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालकों की सुविधाओं के लिए हरी जाली लगाने का काम किया गया। सिटी ब्लास्ट के द्वारा पहले ही इस बारे में समाचार प्रकाशित करते हुए जिम्मेदारों को यह याद दिलाने की कोशिश की गई थी कि पिछले साल तक आप शहर के सभी प्रमुख चौराहे पर हरी जाली लगवा कर ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के लिए चौराहे पर रोकने वाले नागरिकों को सुविधा देने की पहल करते रहे हैं। इस बार यह पहल अभी तक नहीं हुई थी। इसे सिटी ब्लास्ट की खबर का ही असर कहेंगे कि अब नगर निगम के द्वारा एक चौराहे पर हरी जाली लगाने का काम कर दिया गया है। उम्मीद की जाना चाहिए कि अब जल्द ही शहर के अन्य प्रमुख सभी चौराहों पर भी इस तरह की जाली लग जाएगी।

# इंजेक्शन थामने के लिए आज चलाएंगे कलम

*नीट ( यूजी ) परीक्षा 57 केन्द्रों पर आज, रेलवे और बस स्टैण्ड पर उपलब्ध रही बसें, सभी सेंटर पर रही सख्ती, बाहर के परीक्षार्थी पहुंचे पालकों के साथ जल्दी*

### माता-पिता को भी मिली बाहर सुविधा





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज दोपहर में नीट (यूजी) परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए बाहर से आने वाले विद्यार्थी सुबह से शहर के विभिन्न सेंटरों पर पहुंच रहे हैं। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर आए विद्यार्थियों के लिए एआईसीटीएसएल की बसें जिला प्रशासन ने उपलब्ध करवाई है, बसों के लिए चार रूट बनाए गए हैं। यह बसें सांवेर, आईआईटी सिमरोल, आईआईएम और महू तक विद्यार्थियों को लेकर पहुंची। शाम 5 बजे बसों के माध्यम से विद्यार्थी वापसी कर सकेंगे। शहर में 57 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें करीब 23,160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा हॉल में ड्यूटी देने वाले पर्यवेक्षक को ट्रेनिंग भी दी गई थी, परीक्षार्थियों को जब एडमिट कार्ड मिले थे तब पता पड़ा था उनका सेंटर कौन-सा है। मेडिकल कॉलेज एडमिशन के लिए यह नीट परीक्षा में आज काफी सख्ती रही। विद्यार्थी जूते और मौजे पहनकर नहीं पहुंचे, सभी को चप्पल पहनकर पहुंचना था, यहां तक कि वे आधी बांह का शर्ट पहनकर, बगैर पेन लिए पहुंचे, अन्दर लिखने के लिए पेन की व्यवस्था भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से की गई थी, जो परीक्षा को कंडक्ट कर रही हैं। विद्यार्थियों को दोपहर 2 से 5 बजे तक होने वाली परीक्षा के लिए 12 बजे से प्रवेश देना शुरू किया गया था और अंतिम प्रवेश 1.30 बजे तक ही रहेगा। महत्वपूर्ण बात यह रही कि विद्यार्थियों की बायोमैट्रिक जांच आज आंखों की हुई। विद्यार्थियों को केवल पानी की ट्रांसप्लेंट बाटल ले जाने की अनुमति थी। सख्त चैकिंग भी विद्यार्थियों की आज की गई, वहीं बड़ी संख्या में विद्यार्थी बाहर से आए थे वे अपने सेंटर पर अलसुबह से पहुंचना शुरू हो गए थे, कई विद्यार्थियों के साथ पालक भी आए, जिनके लिए बाहर छांव, पानी की व्यवस्था की गई थी। प्रश्न-पत्र आज दोपहर 1.30 बजे सभी 57 परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचेंगे यह प्रश्न-पत्र 23,160 विद्यार्थियों के भविष्य को तय करेंगे। इन 3 घंटे में तीन पेपर फिजिक्स केमेस्ट्री और बॉयोलॉजी के होंगे। परीक्षा के बाहर पुलिस व्यवस्था के अलावा मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस, जनरेटर, बिजली विभाग के कर्मचारी, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता तैनात रहा। डॉक्टर बनने की पहली सीढ़ी के लिए यह विद्यार्थी आज परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे। कुल मिलाकर भविष्य में जो विद्यार्थी इंजेक्शन सहित अन्य मेडिकल उपकरण अपने हाथों में थामेंगे आज वे परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए कलम थाम रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड के अलावा बाहर भी इन विद्यार्थियों के लिए बसों की व्यवस्था की गई थी, इन बसों पर बाहर कागज चिपके थे कि विद्यार्थियों के अलावा अन्य यात्री इस बस से यात्रा नहीं कर सकेंगे क्योंकि यह बसे केवल नीट के विद्यार्थियों के लिए लगाई गई थी।

## मेडिकल अवेयरनेस कार्यशाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जनहित में मेडिकल अवेयरनेस को लेकर आयोजित कार्यशाला में लीलावती हॉस्पिटल मुंबई के डॉ. संजीव मेहता ने लंग्स से होने वाली बीमारी के बारे में जानकारी प्रदान की। वर्तमान में अत्यधिक पॉल्यूशन होने की वजह से युवा पीढ़ियों में लंग्स का इन्फेक्शन तेजी से फैल रहा है। बीमारी के उपचार के लिए एलोपैथी एवं नेचुरोपैथी से किस तरह से कम से कम खर्चे में घर के वातावरण का ऑक्सीजन लेवल बढ़ाया जा सकता है एवं किस तरह से फेफड़े एवं छाती को स्वस्थ रखा जा सकता है के बारे में जानकारी प्रदान की। अशोक बड़जात्या, सर्चकुमार कौल, वीरेन्द्र पोरवाल मौजूद थे।

# पानी बचाने के लिए इंदौर में चलेगा टोटी अभियान

## नगरीय प्रशासन आयुक्त ने जल संचय संबंधी कामों पर की समीक्षा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर में पानी बचाने और जल संचय के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा की गई। उन्होंने नगर निगम, आईडीए सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में टोटी अभियान चलाया जाए और लोगों से अपील करें कि वे अपने घरों सहित आसपास जहां भी पानी लीकेज हो रहा है, उसको बंद करें। उन्होंने कहा खराब टोटियों के कारण बूंद-बूंद से सैंकड़ों लीटर पानी प्रतिदिन बह जाता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। बैठक में तय लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष जोर

बैठक में निर्देश दिए गए कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। भवन निर्माण की अनुमतियों के अनुसार यह कार्य पूरा होने पर ही पूर्णता प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र जारी किए जाएं। साथ ही शासकीय भवनों, बड़े संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों और वेयरहाउस में इस व्यवस्था को प्राथमिकता देने को कहा गया।

### टोटी अभियान से रोकी जाएगी जल बर्बादी

शहर में 'टोटी अभियान' चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि नलों से बहने वाले पानी को रोका जा सके और जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। इसके अलावा सामाजिक संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया।

### शहरी क्षेत्र में बनेगा नगर वन

आयुक्त ने शहरी क्षेत्र में नगर वन स्थापित करने के निर्देश दिए। आगामी वर्षा ऋतु से पहले पौधारोपण के लिए स्थान चिन्हित कर कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर सख्ती स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने नगर निगम और अन्य निकायों को स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। शहर को स्वच्छता में उच्च स्थान दिलाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को कहा गया।

# मातृशक्तियों ने दिया बप्पा को भागवत कथा का निमंत्रण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री कृष्णाश्रय भागवत महिला मंडल द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 17 मई से दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्री राम मंदिर पंचकुइया में कराई जाएगी। आयोजन के लिए प्रथम निमंत्रण बडा गणपति बप्पा को मातृशक्तियों ने अर्पित किया। प्रमोद जोशी, अंजलि शुक्ला, विनीतिका दीपू यादव, मंजुला शर्मा, विद्या जोशी, मीना जोशी,रितु तिवारी,कविता प्रजापत,संजली शर्मा, वर्षा शर्मा,आशा रोकड़े, अंजलि शास्त्री, सुनीता अग्रवाल, हंसा जैन, रूपाली बुडानिया, जूली प्रजापत,



दीप्ति बुडानिया,प्रीति उपाध्याय, शीतल तिवारी, मंजुला शर्मा, ऋतु तिवारी, संजली शर्मा, वर्षा शर्मा सहित अन्य मौजूद थी।



## दो जैन संतों का मिलन समाजजनों ने देखा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तिलक नगर स्थित श्री राजेंद्रसूरी आराधना भवन में दो संत आचार्य श्री हितेशचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. एवं प्रवर्तक गुरुदेव श्री प्रकाश मुनिजी म.सा. का मिलन दृश्य जैन समाजजनों के लिए खुशी का पल लेकर आया। सभी ने संतों का आशीर्वाद लिया।



## रास्ते के विवाद में भड़की महिलाओं ने ढहाई दीवार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मूसाखेडी क्षेत्र के आलोक नगर में एक दीवार बनाने के बाद विवाद की स्थिति बनी हुई थी। रहवासी कालोनाइजर पर बाउण्ड्रीवाल नहीं बनाने के लिए दबाव बना रहे थे। महिलाओं ने आक्रोष दिखाते हुए दीवार ढहा दी और कहा कि इस सुलभ रास्ते को बंद नहीं किया जा सकता है। महिलाओं ने कई तरह के आरोप भी लगाए।

## दूध-कोल्ड्रिंक का वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पालीवाल समाज के अनेक युवाओं ने अपने पितरों की स्मृति में राजवाड़ा पर 500 लीटर दूध-कोल्ड्रिंक का निशुल्क वितरण दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक किया। बडी संख्या में पालीवाल समाज के युवा जिनमें हरीश वोरा, उमेश बागोरा, राजेंद्र जोशी, राजू बागोरा, कपिल व्यास, पुरुषोत्तम बागोरा, दिनेश पालीवाल, रमेश जोशी, नरेन्द्र बागोरा, सुशील बागोरा, श्याम बागोरा, प्रशांत बागोरा सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद थे।

## बहाई समुदाय ने मनाया 'उत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बहाई समुदाय ने बारह दिवसीय रिज़वान उत्सव का समापन किया। 'उत्सवों के सम्राट' के रूप में विख्यात यह पावन अवसर सन् 1863 की उस ऐतिहासिक अवधि की स्मृति में मनाया जाता है। बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।





## मीडियाकर्मी और समाजजनों का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर प्रेस क्लब में ऑल इंडिया मीडिया फाउंडेशन द्वारा मीडिया कर्मियों और समाजसेवियों के सम्मान का आयोजन किया। दिलीप राजपाल, राजेन्द्र जैन, देवेन्द्र पंवार, दीपक कर्दम, विनोद निगम, अरविन्द तिवारी, संजय त्रिपाठी, महावीर जैन, सत्येन्द्र वर्मा, महेश हलधर, सुभाष जैन, जितेन्द्र परिहार सहित अन्य मौजूद थे।

## विश्व अस्थमा दिवस पर शिविर लगेगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर 5 मई को श्री वैष्णव डायग्नोस्टिक एवं किडनी सेंटर एवं श्री वैष्णव औषधालय, शुभदीप आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हेल्थ सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राजमोहल्ला स्थित सेंटर पर सुबह 10 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन किए जा रहे है। चिन्हित मरीजों की 1500 रु. वाली फेफड़ों की जाँच पीएफटी निःशुल्क की जायेगी।



## कोरी समाज कार्यकारिणी का शपथ विधि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शाक्यवार कोरी समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथविधि समारोह शाक्यवार मांगलिक भवन में आयोजित हुआ। पुरुष और महिला पदाधिकारी ने शपथ ली और शपथ भी दिलाई गई। मांगलिक भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग की भी घोषणा की गई। प्रकाश महावर कौली, सुन्दरलाल धीमान, हीरालाल सनोटिया, दिनेश शाक्यवार, सीमा दंदेलिया, इन्द्रा जारोलिया, पार्वती कांसोटिया सहित अन्य मौजूद थे।



## आम सभा में फहराया झंडा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मजदूर दिवस पर विभिन्न श्रम संगठनों द्वारा एटक एवं सीटू कार्यालय मालवा मिल चौराहा पर आम सभा का आयोजन कर झंडा फहराया गया। आमसभा में अरविंद पोरवाल, राहुल निहोरे, राम बाबू अग्रवाल, रामदेव शायदीवाल,सी एल सर्रावत, प्रमोद नामदेव, ओम प्रकाश खटके, अरुण चौहान, मनीष ठक्कर, विजय दलाल, प्रहलाद वर्मा,मीना श्रीवास्तव,दिलीप कोल, अजय बागी, भागीरथ कछवाय, छगन चौहान, चुन्नीलाल वाधवानी, कैलाश लिबोदिया, रुद्रपाल यादव मौजूद थे।

## म्यूजिकल ग्रुप का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। झंकार मुजिकल ग्रुप के तत्वावधान में अभिनव कला समाज गांधी हाल मे सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति दी गई। गायिका आशा भोसले को याद किया। पायल सोलंकी, सोनू डागर ने बताया कि गायक बाबू राजोरिया, पायल सोलंकी, विनोद रघुवंशी आशीष वाकरे, लोकेन्द्र राठौर आनुमति शर्मा, चन्दा खंडेलवाल, संजय कल्याणे, दीपक सरमडल ने प्रस्तुतियां दी। संचालन सुरेश तलरेजा ने किया।



## दवा के लिए निकली बुजुर्ग भटकी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। वरिष्ठ बुजुर्ग महिला कुशवाह नगर में भटक गई। पार्वती को बिठाकर पानी पिलवाया, परिजनों की पूछताछ की। संस्था की डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि नंदबाग निवासी उनका बेटा रोहित वर्मा को जानकारी दी कि वे बुजुर्ग को लेने आए जिन्हें सम्मान पूर्वक विदा किया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मेडिकेयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, के सहयोग से रक्तदान शिविर के आयोजन में नागरिकों और कर्मचारियों ने शिरकत की।






D-11014/26



# भगवान बुद्ध रूप प्रतिमा का प्रतिष्ठापना एवं महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डॉ. आंबेडकर पुनवच भवन निर्माण समिति द्वारा आज दोपहर 3 बजे से बुद्ध विहार में बुद्ध रूप प्रतिमा प्रतिष्ठापना एवं भव्य बुद्ध जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तपस्वी भदंत ज्ञान ज्योति महाथेरो जी एवं भिक्षु संघ के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम से मुकुल-लक्ष्मण वाघ, आनंद वाघ जुडे हुए है। धम्म बंधु अपने जोडे के साथ भन्ते ज्ञान ज्योति जी और भिक्षु संघ द्वारा संपादित होने वाले परित्राण पाठ में बैठकर अपने परिवार के लिए प्रार्थना करना चाहते है वे श्वेत वस्त्र में दोपहर 3 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर परिवार के साथ पहुंचेंगे।

# चर्मरोग परामर्श एवं चिकित्सा शिविर



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन सोशल ग्रुप संगिनी शक्ति एवं स्वर्णिम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्णिम आयुर्वेद, आरएनटी मार्ग, पर चर्मरोग परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चर्म रोगों एक्जिमा, सोरायसिस, दाद-खाज, मुंहासे, एलर्जी, सफेद दाग आदि से पीड़ित मरीजों का अनुभवी आयुर्वेदाचार्यों द्वारा परीक्षण कर उन्हें उपयुक्त आयुर्वेदिक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही सभी मरीजों को एक माह की निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियाँ भी वितरित की गईं। शारदा-विवेक जैन, पूजा व्होरा, निलेश वेद, गौरव मेहता, विवेक जैन, शिल्पा गंगवाल,स्वाति ललवानी, प्रियंका जैन,रचना तुरखिया, वीरेन्द्र जैन, सोनिका सकलेचा, रूपल टोंग्या मौजूद थे।





# गुरु गोरक्षनाथ के जयकारों के साथ यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सकल नाथयोगीजोगी संत समाज नाथ सम्प्रदाय म.प्र. एवं राजस्थान गुरुगोरक्षनाथ मंदिर ट्रस्ट गोरक्षधाम द्वारा भगवान गुरू गोरक्षनाथ प्रकटोत्सव पर कलश ध्वज यात्रा निकाली गई, सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर निकली। गुरु गोरक्षनाथ के जयकारे भी लगाए गए। सुरेशनाथ योगी, डॉ.सत्यनारायण योगी, प्रभुनाथ योगी, करणनाथ योगी, प्रत्युषनाथ कदम, मनोज नाथ कदम एवं कई संत, महंत मौजूद रहे।



# मोहितानन्द प्रदेश अध्यक्ष

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेवा सेतु शिक्षा एवं जन कल्याण समिति द्वारा स्वामी श्री मोहितानंद जी महाराज को प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया। हिमांशु यादव, अजय भट्ट, सरिता तिवारी, संजय तीसगांवकर अंतरसिंह दरबार, दलवीर सिंह भाटिया ने सम्मान किया।

# मीटिंग से पहले हुए णमोकार मंत्र का जाप



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत वर्षीय दी जैन खंडेलवाल युवा महासभा की मीटिंग का आयोजन बड़ा गणपति स्थित मोदीजी की नसिया पर हुआ। बैठक शुरू होने से पहले णमोकार मंत्र का जाप किया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने पहले परिचय दिया और फिर अपने विचार सांझा किए। महासभा के आगामी कार्यों पर चर्चा की गई। समाजहित में सेवाकार्य करने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में नकुल पाटोदी, सुनील गोधा, नीरज मोदी, शैलेन्द्र सोगानी, मनीष जैन, अंकुल पाटोदी, पुष्पेन्द्र वेद, अक्षय पाटनी, अनीश सोनी, प्रफुल्ल जैन, सुमित सेठी, अंकित जैन, कल्पेश गंगवाल, शुभम अजमेरा और गौरव पाटोदी मौजूद थे।

# रहवासियों का हुआ चेकअप




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंगल मूर्ति रहवासी संघ के गार्डन में ट्रूमेड फार्मेसी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रहवासियों ने शुगर और वीपीसीईजी की जांच करवाई, जिसकी रिपोर्ट भी उन्हें तुरन्त दी गई। इस दौरान श्रवण वर्मा, डॉ. प्रयागराज पटेल, तनु ठाकुर, योगेश मानासे, दीपेन्द्र शर्मा, आशीष पाटीदार, बापूलाल पाटीदार, जयदीप मांजरेकर, विमल पाटिल, जगदीश बावनकर, मिरा कड़ावे, राज यादव, प्रथमेश माधव, जय शंकर जीत, विष्णु विवान वर्मा, शुभ पाटीदार, अंगद बावनकरस गजेंद्र यादव, विभोर खण्डेलवाल, शैलेन्द्र चावड़ा, बेबी बावनकर, अदिती चौबे, रिना जया गर्ग, सुनिता शर्मा मौजूद थे।

# वेदांत सम्मेलन में प्रवचन और सामूहिक सुन्दरकांड





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीश्री माता आनंदमयी पीठ पर श्री श्री आनंदमयी मां के जन्म महोत्सव पर चल रहे वेदांत सम्मलेन में संतो ने प्रवचन दिए और सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ भी हुआ। स्वामी केदारनाथ महाराज ने अभिषेक, पूजन किया। आचार्य दीपक शास्त्री ने वेद मंत्रों का जाप किया। महामंडलेश्वर विरागानंद महाराज ने कथा का रसपान कराया।

# शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय हुकमाखेड़ी के शिक्षक जगदीश सोनी के सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह में उन्हें विदाई दी गई, शिक्षकों ने सोनी का सम्मान करते हुए उनके कार्यकाल के अनुभव सांझा किए। सोनी को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। इस दौरान भगवतीप्रसाद पंडित, देवीसिंह बारुपाल, नरेन्द्रसिंह ठाकुर, श्रवण शर्मा, हरिओम वैष्णव, संगीता सोनी, यश सोनी, शिवम सोनी, श्वेता पगारे, मेघा सोनी मौजूद थे।

# बाल नाट्य शिविर हल्ला-गुल्ला शुरू



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शारदा रामकृष्ण विद्या मंदिर विजय नगर में 15 दिवसीय बाल नाट्य शिविर हल्ला-गुल्ला का शुभारंभ किया गया। शिविर में बच्चों को रंग मंच के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। 38 बच्चों ने इसमें सहभागिता की है। इस दौरान तपन मुखर्जी, जयंत भिसे, प्रवीण जोशी, श्वेता शर्मा, शिल्पा सिंघल, वरुण जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस पेंशनर्स संघ की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलिस पेंशनर्स संघ की बैठक का आयोजन अभिनव कला समाज भवन में किया गया। एसपीएस चौहान ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की लम्बित मांगों को लेकर चर्चा की गई। अब यह मांगे सरकार के समक्ष रखी जाएगी। बैठक में अविनाशसिंह सेंगर, जीएस तिवारी, वीएस कुशवाह, कमलसिंह गेहलोद, एसएम यादव, नयनसिंह नयन, राधेश्याम शर्मा, प्रकाश शाही, अशोक शर्मा मौजूद थे।



# जैन परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक हुई, जिसमें अनिल पारसदास को अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया और उनको शपथ भी दिलाई गई। परिषद का दिल्ली में खुद का भवन है। यह भी तय हुआ कि पंचकल्याणक पर होने वाले व्यय को रोककर उस राशि को जन्म कल्याणक कार्य में उपयोग में लाया जाए। प्रदेश की महिला परिषद के कार्य की तारीफ भी की गई। पदाधिकारी मंडल के 11 सदस्यों की घोषणा भी की गई। सुरेश जैन, शैलेन्द्र जैन, दिनेश जैन ने उद्‌बोधन दिए। चकरेश जैन को सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में उद्‌बोधन दिए गए।

# माँ के सम्मान में बढ़ेंगे कदम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 9 मई को नेहरू स्टेडियम में चलो मम्मा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। मदर्स-डे के पूर्व द वर्ल्ड ऑफ फिटनेस और इंदौर नगर निगम द्वारा माँ के सम्मान में यह आयोजन किया जाएगा। वॉकथॉन में माताएं और उनके बच्चे भाग ले सकते हैं। सुबह 6.30 से 8.30 बजे तक वॉकथॉन में कदम बढ़ेंगे। क्लीन इंदौर का संदेश भी दिया जाएगा।

# सपना - संगीता रोड़ पर स्नेहनगर और कॉम्प्लेक्स से नई टंकी तक नर्मदा लाइन जोड़ने का हो रहा काम

## पुरानी की बजाय नई लाइन डालकर आधा दर्जन पॉश कालोनियों का दूर होगा जलसंकट

**इंदौर।** सपना - संगीता मैनरोड़ पर स्नेहनगर और कांप्लेक्स सहित अन्य कालोनियों में नर्मदा की नई लाइन डालने का काम देर रात में भी किया जा रहा है। जिसके तहत मैनरोड़ पर दुकानों के सामने से खुदाई कर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में इस क्षेत्र का जल संकट दूर हो जाएगा। साथ ही लोगों को नर्मदा का शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में अच्छे प्रेशर के साथ पीने का पानी मिलने लगेगा। जिसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल के प्रयासों से निगम द्वारा वार्ड 63 की पॉश कॉलोनी स्नेहनगर, नवलखा कॉम्प्लेक्स, पटेल नगर, सपना संगीता रोड़ के आसपास की आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों और कई गलियों की नर्मदा



लाइन को नवलखा मजदूर चौक के पास तैयार नई बड़ी टंकी से लाइन जोड़ने का काम किया जा रहा है। ताकि इस क्षेत्र का जलसंकट दूर किया जा सके।

### खुदाई के बाद हाथों - हाथ फुटपाथ पर ब्लाक लगाकर हो रहा संवारने का काम

लाइन डालने के लिए खुदाई के बाद निगम द्वारा सपना - संगीता मेंनरोड पर दुकानों के बाहर फुटपाथ पर संवारने के लिए आकर्षक ब्लॉक लगाकर सौंदर्य करण का काम भी किया जा रहा है ताकि लाइन डालने के बाद फुटपाथ की सुंदरता और खूबसूरती में किसी प्रकार की कमी नजर ना आए।

# दो दिवसीय एजेन्टिक एआई हैकाथॉन का आयोजन



**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जेआईटी बोरावां में माईक्रोसॉफ्ट के सहयोग से दो दिवसीय एजेन्टिक एआई हैकाथॉन का आयोजन किया गया।

नवाचार और तकनीक का महासंगम देखने को मिला। युवा प्रतिभाओं के लिए नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता के लिए सशक्त मंच मिला। जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोरावां में माईक्रोसॉफ्ट के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर के एजेन्टिक एआई हैकेथॉन का गरिमामय शुभारंभ हुआ। विधायक सचिन यादव ने बतौर अतिथि उदबोधन भी दिया। हर्षवर्धन यादव, रोहित सरदाना, सौरव रघुवंशी,शैली मेंहदीरत्ता, राहुल भार्गव, शिकुंज गुंजन जसवाल, आनंद कुमार, भूमि गुप्ता, डॉ. अतुल उपाध्याय सफल आयोजन पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने बधाई दी।

# कंचनबाग में प्रस्तावित आदर्श गार्डन नंबर 1 में होगी डिजाइनर पोल पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था

## निगम लाखों रुपए खर्चकर संपूर्ण बगीचे में नई लाइटिंग लगाकर करेगा रोशनी

**इंदौर।** जोन क्रमांक 11 के अंतर्गत पॉश कॉलोनी कंचन बाग में प्रस्तावित आदर्श गार्डन बगीचे में बेहद जल्द निगम द्वारा रोशनी के लिए डिजाइनर इलैक्ट्रिक पोल पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने की तैयारी है। जिससे नवीन गार्डन में निगम लाखों रुपए खर्च कर संपूर्ण बगीचे में नई लाइटिंग लगाकर जगमगाहट करेगा। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके अलावा इस नवीन प्रस्तावित आदर्श गार्डन को आदर्श बनाने के लिए निगम द्वारा कई प्रस्तावित सौंदर्यकरण और सजाने - संवारने के अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

बगीचे को आदर्श बनाने के लिए योजना के तहत संवारने के लिए और भी कई होंगे काम



वही खास बात यह है कि कंचन बाग स्थित पुराने बगीचे को आदर्श बगीचा बनाने के लिए निगम द्वारा सौंदर्य करण की योजना के अंतर्गत बगीचे में आकर्षण लाइटिंग लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने के साथ यहां आने जाने वाले लोगों के लिए शानदार बैठक व्यवस्था भी की जाएगी जिसके लिए यहां आकर्षक डिजाइनर रंगीन बेंच लगेगी। साथ ही बगीचे में घूमने आने वाले सीनियर सिटीजन के लिए विशेष रूप से छत वाले झूले लगेंगे जिसमें क्षेत्र के बुजुर्ग और सीनियर सिटीजन सुबह और शाम आराम से बैठकर झूले-झूलने के साथ बारिश के दिनों में भी यहां आराम से बैठ सकेंगे। इसके अलावा सजाने संवारने के अंतर्गत यहां एक से बढ़कर एक आकर्षक पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे जो गार्डन की शोभा बढ़ाएंगे।

# अमृत भारत योजना में लक्ष्मीबाई नगर का नवीन स्टेशन बनकर तैयार

**इंदौर।** आने वाले दिनों में इसी माह के अंत तक बेहद जल्द अमृत भारत योजना में लंबे समय से निर्माणधीन लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पूरी तरह से कंपलीट होकर चालू होने वाला है। जिसके तहत वर्तमान में यहां नई बिल्डिंग में अंतिम दौर के फिनिशिंग वर्क बेहद तेजी के साथ चल रहे है। जिसके तहत दो नए प्लेटफॉर्म का निर्माण भी किया जा रहा है जो अब एक दम अंतिम दौर में है। इसके अलावा आने वाले दिनों में जल्द नई आधुनिक सुविधाओं से लैस नवीन स्टेशन बिल्डिंग भी पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। इसके बाद सालों पुरानी स्टेशन बिल्डिंग को रेलवे प्रबंधन तुड़वाकर डिस्मेंटल करवाएगा। वहीं यहां का पूरा सामान बदलाव के साथ नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा।



यही नहीं इसके अलावा लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर लगभग 12 मीटर चौड़े नवीन ब्रिज की सौगात मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज के फाउंडेशन का काम कंप्लीट हो गया है और स्लिप कास्टिंग का काम शुरू होने वाला है। इसके अलावा अमृत योजना और दोहरी करण योजना में स्टेशन के नवनिर्माण का काम इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है नई बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन वर्क लगभग कंप्लीट हो गया है और अगले एक से डेढ़ महीने में फिनिशिंग का कार्य भी पूरा हो जाएगा वहीं शिफ्टिंग की प्रक्रिया के बाद उसे डिस्मेंटल किया जाएगा।

गौरतलब है कि अबलक्ष्मीबाई नगर के नवीन स्टेशन पर तीन की जगह 5 प्लेटफार्म हो जाएंगे। जिससे आने वाले दिनों में जब इंदौर स्टेशन के नव निर्माण और नवीनीकरण को लेकर काम शुरू होगा तब इंदौर स्टेशन से चलने वाली कई लंबी दूरी की गाड़ियां लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से भी चलेगी यही नहीं आधी से ज्यादा कार्य महू अंबेडकर नगर स्टेशन से चलेगी और वहीं कुछ गाड़ियां पार्क रोड स्टेशन से भी चलेगी।

# बजट की कमी ने लटकाया पटेल स्टैच्यू बगीचे के सौंदर्यकरण कार्य

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम की बजट की कमी और पैसों के संकट का असर अब महापुरुषों की प्रतिमा और बगीचे में सौंदर्यकरण और सजाने - संवारने के कार्यों पर भी नजर आने लगा है। पटेल ब्रिज के पास सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के आसपास निगम द्वारा बगीचे में सौंदर्यकरण और सजाने - संवारने के कामों के अंतर्गत आकर्षक ब्लॉक लगाकर आसपास के लोगों के घूमने के लिए पाथवे का निर्माण किया जाना था। इसके अलावा प्रतिमा के आसपास ग्रीनरी के लिए हरियाली बढ़ाने वाले छोटे बड़े पेड़ पौधे लगाकर ग्रीनरी करने का काम किया जाना था। बच्चे हिस्से में घास लगाकर खाली जगह में बगीचा बनाया जाना था। साथ ही आने - जाने वाले लोगों के लिए शानदार बैठक व्यवस्था और आकर्षक डिजाइनर पेवर ब्लाक से सुंदर पाथवे का निर्माण भी किया जाना था। वहीं अब हालत यह है कि बजट की कमी और ठेकेदार का पैसा नहीं मिलने से लंबे समय से ठेकेदार ने यहां का काम पूरी तरह से बंद कर दिया है। यही नहीं 6 माह बाद भी अभी तक यहां आधा - अधूरा ही काम हुआ है।

वहीं खास बात यह है कि पटेल स्टैच्यू चौराहे के पास जगह की कमी को देखते हुए ट्रैफिक में लंबे समय से बाधक लंबी - चौड़ी गोल रोटरी को छोटा कर सालों पुरानी लोहे की जालीयां हटाकर निगम की प्लानिंग थी , कि यहां सीमेंट की पक्की पहले से छोटी रोटरी बनाकर यहां के ट्रैफिक को पहले से और बेहतर और सुगम बनाया जाए। इसके लिए पिछले कई महीनों से ठेकेदार द्वारा पटेल स्टैच्यू के आसपास सौंदर्यकरण योजना के अंतर्गत बगीचे में सजाने संवारने के कई कार्य किए जा रहे थे। लेकिन बावजूद इतने लंबे समय बाद भी अभी तक ज्यादातर काम आधे - अधूरे छोड़कर ठेकेदार ने यहां लंबे समय से काम ही रोक रखा है। बताते हैं कि निगम में ठेकेदार का बिल और पैसा अटकने के कारण यहां के अलावा ठेकेदार ने अन्य जगहों के काम भी रोक रखें है। अब कहा जा रहा है जब तक निगम के जिम्मेदार ठेकेदार के पैसों का संकट दूर नहीं करेंगे विकास कार्य इसी तरह अधूरे पड़े रहेंगे।



# 23 सड़कों में शामिल जिस बड़ी सड़क से निगम ने हटाए थे बाधक निर्माण,अब वहां दिखने लगा निर्माण का कार्य

**इंदौर।** जहां तीन माह पहले नगर निगम ने मालवीय नगर से अनुराग नगर एलआईजी लिंक रोड़ तक मास्टर प्लान की प्रस्तावित सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य के लिए बर्फानी धाम और मालवीय नगर क्षेत्र के बीच 150 से ज्यादा मकान और दुकानों के बाधक निर्माण तोड़े और हटाएं गए थे वहां निगम द्वारा अब सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया है, जिसके तहत वर्तमान में यहां टूटे आशियानें के बीच कई हिस्सों में ड्रेनेज और स्ट्रांम वाटर लाइन डालने का काम पिछले कई दिनों से तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है।

यही नहीं निगम द्वारा सबसे ज्यादा तेजी से काम एलआईजी लिंक रोड़ की तरफ वाले हिस्से में तीन से चार जेसीबी और पोकलेन मशीनें लगाकर करवाया जा रहा है। यही नहीं लिंक रोड वाले इस हिस्से में अनुराग नगर से मालवीय नगर तक शुरुआत के बड़े हिस्से में निगम ने सड़क निर्माण का कार्य भी तेजी के साथ शुरू कर दिया है। जिसके लिए पहले बड़े हिस्से में ड्रेनेज लाइन डालने के बाद अब सड़क निर्माण का काम भी दूर से ही दिखने लगा है।

### बर्फानीधाम मालवीय नगर वाली साइड अभी काम की धीमी है रफ्तार

जबकि दुसरी तरफ बर्फानी धाम वाले रोड़ पर मालवीय नगर के जिस हिस्से में निगम द्वारा सबसे ज्यादा तोड़फोड़ की थी। वहां काम की रफ्तार थोड़ी धीमी चल रही है। यहां अभी तक सड़क निर्माण कार्य में फिलहाल कोई तेजी नजर नहीं आ रही है। हालांकि वर्तमान में यहां निगम द्वारा पहले चरण में जगह - जगह ड्रेनेज और स्ट्रॉम वाटर लाइन डालने का कार्य पहले पूरा करवाया जा रहा है। कहा जा रहा है इसके बाद यहां भी आने वाले दिनों में बेहद जल्द सड़क निर्माण कार्य में भी फिर तेजी दिखने लगेगी।

### संपादकीय

## चुनाव के बाद झटका या वैश्विक असर? गैस-डीजल की कीमतों में तेजी से फिर बढ़ी महंगाई

कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई। वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रुपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है। कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े। फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है। जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है। लगातार घटती क्रयशक्ति के दौर में महंगाई की मार का असर कितना गहरा हो सकता है, इसका बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है। सवाल है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से उपजे संकट के बावजूद सरकार ने करीब दो महीने तक तेल और गैस की कीमतों को कमोबेश थाम कर रखा था और इनकी उपलब्धता के वैकल्पिक रास्ते निकाल रही थी, तो अचानक ही उसे महंगाई को इस तरह खुला छोड़ देने की जरूरत क्यों पड़ी! क्या कुछ दिनों की राहत का कारण पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव थे?

# ब्रांडेड कपड़ों के नाम पर धोखाधड़ी 8.70 लाख का नकली माल जब्त

### देवास और उज्जैन के दो आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र के छावनी इलाके में पुलिस ने कॉपीराइट उल्लंघन और ब्रांड नेम के दुरुपयोग के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने छावनी स्थित ताबा बिल्डिंग में संचालित ह्यूमन इंटरप्राइजेज पर छापा मारा, जहां नामी कंपनियों के नकली कपड़ों का अवैध कारोबार किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में रेडीमेड गारमेंट्स जब्त किए हैं।

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक, फरियादी सुमित पिता हरीश शर्मा निवासी सांवरिया नगर की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मौके से आरोपी गौरव पिता राधेश्याम निवासी चाणक्यपुरी, देवास और उमेश पिता भैय्यालाल उपाध्याय निवासी चिमनगंज, उज्जैन को हिरासत में लिया है। इन दोनों आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और ब्रांड नेम के दुरुपयोग की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1535 नग नकली टी-शर्ट, लोअर और जैकेट बरामद हुए हैं, जिनकी बाजार में कुल कीमत करीब 8.69 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे बाहरी राज्यों से बिना ब्रांड के सस्ते कपड़े खरीदकर लाते थे और उन पर नामी ब्रांड्स के लोगो व टैग लगाकर बाजारों में बेचते थे।

## पेट्रोल पंप पर विवाद,कार में टक्कर मारने के बाद बदमाशों ने युवक को पीटा

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार में टक्कर मारने की बात को लेकर विवाद हो गया। एक्टिवा सवार दो युवकों ने कार चालक के साथ न केवल गाली-गलौज की, बल्कि बीच सड़क पर उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी राजेश पिता जमनालाल पवार निवासी ई-सेक्टर, चंदन नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी कार नंबर एमपी-09 डब्ल्यूएफ 3763 में बाठिया पेट्रोल पंप, एयरपोर्ट रोड पर पेट्रोल भरवा रहे थे। इसी दौरान एक एक्टिवा एमपी-09 एटी 8461 पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे और उन्होंने राजेश की कार में टक्कर मार दी। जब राजेश ने एक्टिवा सवारों को गाड़ी धीरे चलाने की सलाह दी, तो वे आगबबूला हो गए। एक्टिवा चलाने वाले युवक ने राजेश को गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि एक्टिवा चालक ने अपने साथी से कहा राजकुमार नीचे उतर, इसको बताते हैं। जिस पर राजकुमार और उसके साथी अज्जू ने नीचे उतरकर राजेश के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले से पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर लोग जमा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। एरोड्रम पुलिस ने राजेश पवार की शिकायत पर आरोपी राजकुमार और अज्जू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## आपसी विवाद में युवक पर चाकू से हमला, 3 पर केस दर्ज

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित फेब होटल के पास आपसी विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। अपने ही साथी को गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने आपा खो दिया और मारपीट करते हुए चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी प्रवीण पिता पिताम्बरण गोपालन निवासी सुंदर नगर एक्सटेंशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्त जय सेन, सहकर्मी आदित्य और उनके साथी वंश जाधव के साथ होटल फैब एवांका के पास खड़े होकर बात कर रहे थे। इसी दौरान प्रवीण के पास उसके ऑफिस में काम करने वाले दोस्त ऋषिराज पांडे का फोन आया। प्रवीण ने उसे भी वहीं बुला लिया। जैसे ही ऋषिराज वहां पहुंचा, आरोपी जय सेन उसे बेवजह गालियां देने लगा। जब प्रवीण ने अपने दोस्त को गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो तीनों आरोपी वंश जाधव, आदित्य वर्मा और जय सेन उग्र हो गए। उन्होंने प्रवीण और ऋषिराज के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान आरोपी वंश जाधव ने अपने पास छिपाकर रखा चाकू निकाला और ऋषिराज पांडे पर हमला कर दिया। चाकू ऋषिराज की कमर और कूल्हे पर लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल ऋषिराज को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लसूड़िया पुलिस ने प्रवीण की शिकायत पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# पान मसाला व्यापारी की बाइक से 1 लाख नकदी भरा झोला उड़ाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। कर्बला मैदान के पास एक पान की दुकान पर माल सप्लाई करने रुके व्यापारी की बाइक के हैंडल पर टंगा झोला लेकर दो बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। झोले में पान-मसाले के साथ 1 लाख नगद रखे हुए थे।

पुलिस के अनुसार, फरियादी हरीश चंद्र पिता नारायण बड़ोनिया (58) निवासी श्रद्धापुरी एनेक्स, प्रजापत नगर पान-मसाला सप्लाई का काम करते हैं। वे अपनी मोटरसाइकिल पर झोला टांगकर दुकानों पर माल देने निकले थे। जब वे कर्बला मैदान के पास स्थित एक पान की दुकान पर पहुंचे, तो अपनी बाइक खड़ी कर झोले से कुछ माल निकालकर दुकानदार को देने के लिए अंदर गए। इसी दौरान दो अज्ञात लड़के अपनी मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचे। आरोपियों ने सूनेपन का फायदा उठाते हुए हरीश चंद्र की बाइक के हैंडल पर टंगे झोले को पलक झपकते ही उतारा और तेजी से फरार हो गए। फरियादी जब तक कुछ समझ पाते और शोर मचाते, तब तक बदमाश आंखों से ओझल हो चुके थे। हरीश चंद्र ने पुलिस को बताया कि उस झोले में पान-मसाले के पाउच के साथ-साथ एक लाख रुपये नगद रखे हुए थे। यह राशि 500-500 रुपये की दो गड्डियों के रूप में थी। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी चोरी की सूचना मिलते ही पंढरीनाथ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों और रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि संदिग्धों की बाइक के नंबर और उनके हुलिए की पहचान की जा सके। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# सेकंड हैंड कार सौदे में 25 लाख की धोखाधड़ी

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर आरोपी ने हड़पी रकम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संयोगितागंज थाना क्षेत्र में सेकंड हैंड कारों की खरीद-बिक्री के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक कार बाजार संचालक के भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे करीब 25 लाख रुपए से अधिक की राशि हड़प ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक फरियादी राजेश पिता रामचंद्र जायसवाल निवासी कृष्ण टावर (इंडियन कार बाजार), नवलखा की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। राजेश जायसवाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आरोपी तरुण चिनमानी निवासी जयश्री सिंडिकेट, माणिकबाग रोड को पुरानी कारें बेचने का काम सौंपा था। आरोपी तरुण ने व्यापारिक विश्वास का लाभ उठाते हुए कारों की बिक्री से जुड़े फर्जी दस्तावेज तैयार किए और बेईमानी करते हुए कुल 25 लाख 15 हजार रुपए की बड़ी राशि हड़प ली। एसीपी तुषार सिंह के अनुसार, जब फरियादी को हिसाब में गड़बड़ी और दस्तावेजों के फर्जी होने का संदेह हुआ तो उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। शुरुआती जांच और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पुलिस ने आरोपी तरुण चिनमानी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रोमांचक मुकाबलों के साथ शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता जारी

**इंदौर।** डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2026 के मुकाबले आज नेहरू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में पूरे जोश और उत्साह के साथ खेले गए। अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग के होनहार खिलाड़ियों ने कोर्ट पर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया।

मुकाबलों में कई मैच बेहद रोमांचक रहे। बॉयज अंडर-15 में ह्रदान दावर ने अर्श मौर्या को तीन गेम के कड़े संघर्ष (14-15, 15-10, 15-11) में हराया तो वहीं रुचिर गुप्ता ने विराज शर्मा को भी रोमांचक तीन गेम के मैच में मात दी। बॉयज अंडर-11 में ग्रंथ गुप्ता और रिधर्व पाटीदार के बीच तीन गेम का रोमांच देखने को मिला। अंडर-15 में हर्ष और हर्षवीर कालरा के बीच भी तीन गेम का जबरदस्त मुकाबला हुआ जिसे दर्शकों ने खड़े होकर सराहा। नन्हे खिलाड़ियों के हौसले और जज्बे ने यह साबित कर दिया कि इंदौर में बैडमिंटन का भविष्य बेहद उज्जवल है। हर मैच में खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया और टूर्नामेंट का स्तर दिन-प्रतिदिन और ऊंचा होता जा रहा है।

### बॉयज सिंगल्स अंडर-9 के प्रथम राउंड में

निहित मटलानी ने अन्वित वर्मा को 15-13, 15-3 से , आरव कश्यप ने रोहन भींडवाल को 15-8, 15-10 से , सुचाये देव ने तेजस्या भट्ट को 15-4, 15-5 से, अथर्व राज ने हर्ष जिंदल को 15-9, 15-4 से , गर्वित अजनरिया ने शार्विल दुबे को 15-4, 15-10 से, विवान लद्धा ने अंश जैन को 15-8, 15-6 से हराया।

**गर्ल्स सिंगल्स अंडर-11 के प्रथम राउंड में -**यार्निका चौरे ने गोरांशी चौरे को15-2, 15-2 से, अनाया भाटिया ने अक्षया चौबे को 15-2, 15-7 से, आर्ना शर्मा ने झलक पाटीदार को 15-9, 15-13 से, इशमान सलूजा ने मिशा खंडेलवाल को 15-3, 15-4 से, ईवा जैन ने मियारा भुम्मकर को 15-8, 15-10 से, अंशी केलोत्रा ने आर्या पगारिया को 15-10, 15-10 से, पहल छादोकर ने मायरा सोनी को 15-8, 15-10 से हराया।

**बॉयज सिंगल्स अंडर-11 के तृतीय राउंड में -**हिरव शर्मा ने अयांश मिश्रा को 15-8, 15-7 से, मिहित गुप्ता ने विवान गांधी को 15-10, 15-10 से, प्रणम्य तारे ने ग्रंथ सक्सेना को 15-9, 15 से, तरुण यादव ने हिरव शर्मा को 15-8, 15-5 से, ग्रंथ गुप्ता ने रिधर्व पाटीदार को 15-11, 12-15, 15-10 से, अयांश सुराना ने विदित डुंगरे को 15-12, 15-10 से, मानवीक कटियार को अक्षत पटेल को 15-16, 15-9 से,

प्रखर गंगराड़े ने क्रिडे मंत्री को 15-4, 15-3 से, निश्चय कुशवाहा ने रेयांश शुक्ला को 15-3, 15-3 से, कर्ण खंडेलवाल ने सतकिरत अरिहर को 15-14, 15-11 से, रक्षित यादव ने मिहित गुप्ता को 15-3, 15-3 से, अर्पण गांधी ने कुनाल पांडे को 15-4, 15-10 से, हर्षवर्धन राजपूत ने आरव हिरानी को 15-4, 15-2 से, मनवित मंगल को मिहित शर्मा ने 15-14, 12-15, 15-10 से हराया।

# सचिन शर्मा धार के नए पुलिस कप्तान...



**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मध्यप्रदेश सरकार ने शनिवार देर रात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सचिन शर्मा को धार जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है, वे मयंक अवस्थी का स्थान लेंगे। सचिन शर्मा इससे पहले उज्जैन में एसपी के रूप में कार्यरत थे, जहाँ से उनका तबादला दिल्ली में अतिरिक्त आवासीय आयुक्त के पद पर हुआ था। उन्हें प्रदेश के एक दबंग और कार्यकुशल अधिकारी के रूप में जाना जाता है। धार एसपी मयंक अवस्थी को नई जिम्मेदारी दी गई है, अवस्थी अब इंदौर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था नगरीय क्षेत्र इंदौर का कार्य देखेंगे। वही सचिन शर्मा उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण जिले में अपनी सेवाओं के बाद अब धार जैसे चुनौतीपूर्ण जिले की सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे।

# संस्था बरगद अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा, मां कनकेश्वरी क्लब फायनल में

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में मां कनकेश्वरी क्लब द्वारा आयोजित एवं संस्था बरगद द्वारा प्रायोजित संस्था बरगद अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं आयसीसी के मध्य सेमीफायनल मैच खेला गया जिमसें आयसीसी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 143 रन बनाये। पार्थ ठाकुर ने सर्वाधिक नाबाद 40 रन बनाये। विवेक तिवारी ने 4 विकेट लिये। जवाब में एमकेसीसी ने अपनी पहली पारी में 67 ओवरो में सभी विकेट खोकर 207 रन बनाये । कबीर कृष्णा ने 5 विकेट एवं आकाश पवंवार ने 4 विकेट लिये । इस तरह एमकेसीसी ने 64 रनों की महत्वपूर्ण बढतप प्राप्त की । जवाब में आयसीसी ने अपनी दूसरी पारी में मात्र 60 रन बनाकर अपनी सभी विकेट खो दिये और इस तरह एमकेसीसी ने यहमैच 1 पारी और 4 रनों से जीतकर फायनल में स्थान सुनिश्चित किया। अमित पाल ने घातक गेदंबाजी करते हुए 32 रन देकर 7 खिलाडियों को पवैलियन की राह दिखाई।



# हार्दिक पंड्या ने डाल दिए हथियार, चेन्नई से हार के बाद कहा- ये हमारा सीजन नहीं है

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 के 44वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस सीजन में यह दूसरा मौका है जब चेन्नई ने मुंबई को धूल चटाई है। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके ने महज 18.1 ओवर में जीत हासिल कर ली। इस हार के साथ ही मुंबई के लिए प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद हो चुके हैं। मैच के बाद कप्तान हार्दिक पंड्या के चेहरे पर निराशा साफ दिखी और उन्होंने टीम के प्रदर्शन को लेकर बेबाक बयान दिया।

### प्रदर्शन पर हार्दिक पंड्या ने क्या कहा?

मैच खत्म होने के बाद हार्दिक पंड्या ने स्वीकार किया कि उनकी टीम खेल के हर विभाग में पिछड़ गई। हार्दिक ने कहा कि यह हमारा सीजन नहीं है। उन्होंने हमसे बेहतर खेल दिखाया। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी की बेहतर फील्डिंग की और उनकी बल्लेबाजी भी हमसे कहीं ज्यादा अच्छी रही। हार्दिक का यह बयान दर्शाता है कि टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की भारी कमी रही है जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।

### बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमी

मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर केवल 159 रन ही जोड़ सकी। कप्तान का मानना था कि पिच पर रन कम रह गए। उन्होंने बल्लेबाजी इकाई की विफलता पर बात करते हुए कहा, इस पिच पर 180-190 का स्कोर एक अच्छा टोटल होता लेकिन हम कभी लय हासिल ही नहीं कर सके। हमें और अधिक कैलकुलेटिव क्रिकेट खेलने की जरूरत थी। कुल मिलाकर एक बैटिंग यूनिट के रूप में हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए।

### गेंदबाजी पर क्या बोले कप्तान

चेन्नई के बल्लेबाजों के सामने मुंबई के गेंदबाज बेअसर साबित हुए। लक्ष्य का बचाव करते समय गेंदबाजों के पास वह धार नहीं दिखी जिसकी मुंबई इंडियंस पहचान रही है। गेंदबाजी पर चर्चा करते हुए हार्दिक ने कहा, एक बॉलिंग यूनिट के तौर पर वे हमसे कहीं ज्यादा बेहतर थे। हमारे पास जो भी गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध थे हम उन्हीं के साथ मैदान पर उतरे।

# पुलिस की मेगा सरप्राइज चेकिंग





### 380 बदमाशों पर कसा शिकंजा और 194 शराबी वाहन चालक धराए

इन्दौर। शहर में अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए बीती शाम से देर रात तक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों के प्रभारियों ने भारी पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरकर संदिग्धों की धरपकड़ की। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अवैध गतिविधियों को जड़ से खत्म करना रहा।

पुलिस ने अभियान के दौरान कुल 380 असामाजिक तत्वों और बदमाशों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। इस दौरान कुल 101 वारंट तामील कराए गए, जिनमें 21 स्थाई, 34 गिरफ्तारी और 46 जमानती वारंट शामिल हैं। बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 65 आदतन अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक शिकंजा कसा गया। गुंडे-बदमाशों और जिलाबदर अपराधियों को उनके ठिकानों पर चेक किया गया और अपराध न करने की सख्त हिदायत देकर डोजियर भरवाए गए।सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर के साथ सघन चेकिंग की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 194 चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनकी गाड़ियां जब्त की गईं।वहीं थाना लसूड़िया ने 64 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा। वहीं, चंदन नगर पुलिस ने महक ढाबा पर अवैध रूप से शराब पिलवाने वाले संचालक अरुण लोहार को भी गिरफ्तार किया। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 18 और गांजा पीने वाले 2 आरोपियों को हिरासत में लिया गया।पुलिस ने संवेदनशील इलाकों हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन के जरिए निगरानी की। साथ ही, बीडीएस टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सर्चिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं पैदल भ्रमण कर होटलों, लॉज और रैन बसेरों में रुकने वाले संदिग्धों की जांच की।


## ज़ाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे **पक्षकार Piramal Finance Limited के समक्ष 1.मुस्तनसिर आरिफ 2.हकीमुद्दीन आरिफ 3.हुसैन 4.जुल्फिकार 5.कुलसुम बोहरा 6.जैनुद्दीन 7.अजगर अली** के स्वामित्व व आधिपत्य का प्लाट नम्बर 8 तिलक नगर गली नं 1 देपालपुर तहसील देपालपुर जिला इन्दौर (म.प्र.) पर स्थित है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व-दारी कारखाना, पश्चिम-आम गली, उत्तर-इंदरमल जैन का मकान, दक्षिण-खंडहर है। सदर सम्पत्ति मेरे पक्षकार की पैतृक सम्पत्ति है, जिसकी प्रतिभूति स्वरुप बंधक रखा जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त सम्पत्ति अथवा इसका विक्रय व्यवहार पर किसी बैंक, व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकायों को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 7 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूत के पेश कर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। बाद मियाद ऋण राशि का वितरण कर दिया जावेगा तथा किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार/बैंक, अथवा क्रेता पक्ष पर बंधनकारी नहीं होगी। सो विदित होवे।

**नूतन बोरवाल, एडवोकेट**
**आफिस क्र. 4,8/1 मोती तबेला मेनरोड इन्दौर (म.प्र.)**
**मो.-88177-56676**



## इन्दौर नगर पालिक निगम
**मोती तबेला झोन-32**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सम्राट पिता श्री नारायणप्रसाद साहू** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001082596 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 92-2-93 पलसिया हाना यूजी-8 वन सेन्टर इंदौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# अर्जुन तेंदुलकर पर लगी बड़ी बोली, 400% से अधिक रकम देकर इस टीम ने खरीदा

**रविवार.एजेंसी।** आईपीएल 2026 के दौरान अर्जुन तेंदुलकर एक बार फिर चर्चा में हैं, जब उन्हें मुंबई टी20 लीग में एआरसीएस अंधेरी टीम ने 10 लाख रुपये में खरीदा. सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन फिलहाल लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं.

आईपीएल 2026 सीजन के दौरान सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं. लेकिन इस बीच अर्जुन पर बड़ी बोली लगी और मुंबई में होने वाली टी20 लीग के दौरान एक फ्रेंचाइज़ी ने उन पर बड़ी बोली लगाई. अर्जुन के बेस प्राइस से 400 प्रतिशत अधिक रकम की बोली लगी और उन्हें 10 लाख रुपये की रकम से एआरसीएस अंधेरी टीम ने शामिल कर लिया.

### अर्जुन तेंदुलकर को कितनी रकम मिली ?

अर्जुन तेंदुलकर को अभी तक आईपीएल 2026 सीजन में खेलने का मौका नहीं मिला है और वह लखनऊ की बेंच पर बैठे हुए हैं. अर्जुन को मुंबई टी20 लीग के दौरान अंधेरी की टीम ने 10 लाख रुपये में शामिल किया, जबकि 30 लाख रुपये की रकम के साथ अर्जुन इस समय लखनऊ की टीम का हिस्सा हैं. अर्जुन के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स से खेलने वाले शिवम दुबे को भी अंधेरी फ्रेंचाइज़ी ने 20 लाख रुपये में शामिल किया है.



इसके अलावा सरफराज खान के भाई मुशीर खान को 11 लाख रुपये की रकम से जोड़ा गया.

### गोवा से मिली एनओसी

अर्जुन तेंदुलकर की बात करें तो वह रहते तो मुंबई में हैं, लेकिन घरेलू क्रिकेट वह गोवा राज्य की टीम से खेलते हैं. इसके चलते अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई टी20 लीग के चौथे सीजन में खेलने के लिए अपने क्रिकेट बोर्ड से एनओसी भी मिल गई है. सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने अर्जुन को मुंबई टी20 लीग खेलने के लिए योग्य घोषित कर दिया है. पिछले 12 महीनों में अर्जुन ने किसी अन्य राज्य की लीग में हिस्सा नहीं लिया है.

### कब होगा लीग का आगाज ?

मुंबई टी20 लीग की बात करें तो इसका आगाज आईपीएल 2026 सीजन की समाप्ति के बाद जून माह में होगा. बीसीसीआई के नियमानुसार किसी एक खिलाड़ी को आईपीएल छोड़कर 12 महीनों में किसी एक राज्य की लीग में ही खेलने की अनुमति प्राप्त होती है. यह 12 महीने का समय उस दिन से शुरू होता है, जब खिलाड़ी ने किसी लीग का आखिरी मैच खेला हो.

24 साल के अर्जुन तेंदुलकर की बात करें तो वह अभी तक भारत के घरेलू क्रिकेट में मुंबई और गोवा से मिलाकर 24 फर्स्ट क्लास मैचों में 52 विकेट लेकर 685 रन बना चुके हैं. इसके अलावा 24 लिस्ट ए मैचों में उनके नाम 26 विकेट, जबकि 29 टी20 मैचों में 35 विकेट दर्ज हैं. आईपीएल में उन्होंने अभी तक 5 मैच खेले हैं और उनके नाम 3 विकेट दर्ज हैं.

## खेल मैदान में गूंजा इंदौर के नन्हे कराटेबाजों का डंका

**इंदौर।** धार में आयोजित जूनियर कराते चैम्पियनशिप में इंदौर के नन्हे कराटेबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में 25 प्रांतों से आए प्रतिभागियों के बीच इंदौर के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक अपने नाम किए। द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन और क्वींस कॉलेज के 14 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इंदौर कराते एसोसिएशन के सचिव शुभम खरे ने बताया कि चैम्पियनशिप के परिणाम घोषित हो चुके हैं और इंदौर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्लब, कोच और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी कैटेगरी में शानदार मुकाबले जीतते हुए पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में अविशा ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीतकर इंदौर को गौरवान्वित किया। वहीं सिल्वर मेडल जीतने वालों में अरस्तु वर्मा, धैर्य चांडक, खुशी चांडक और आर्य पाटिल शामिल रहे। ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में परव बदनोरे, विहान गेहानी, आर्वी अग्रवाल, स्वरूप मुजवादिया, वंश राठौर, तस्मे शास्त्री और अथर्व भट्ट ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन नेशनल टीम कोच सेनसाई जयदेव शर्मा ने किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर इंदौर संगठन के अध्यक्ष सुनील चौधरी, सचिव शुभम खरे, कोच आयुष सोनी, कैलाश चंद्र शास्त्री, कोच महिमा शास्त्री, विक्रम आवाड़ी, विकास शर्मा और सुनील खरे ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## श्री राम जिम के सदस्यों का एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप हेतु चयन

**इंदौर।** 10 से 17 मई तक सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन गुजरात के गांधीनगर में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए श्री राम जिम के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता में अखिलेश मंडलोई एवं गौतम का चयन स्पोर्ट्स स्पेसिफिक वालंटियर्स के रूप में किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी दोनों खिलाड़ी तीन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं और उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। इसके साथ ही शुभम जैन एवं आदित्य द्विवेदी का चयन तकनीकी मैनेजर के रूप में किया गया है। दोनों ही वेटलिफ्टिंग के राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक हैं।

## इतना डर पहले कभी नहीं लगा', वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेने के बाद क्यों भड़के थे काइल जैमीसन? अब तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** राजस्?थान रॉयल्?स के होम ग्राउंड सवाई मान सिंह स्?टेडियम में शुक्रवार को दिल्?ली कैपिटल्?स ने जीत दर्ज की। आईपीएल 2026 के इस 43वें मुकाबले में दिल्?ली ने राजस्?थान को 7 विकेट से हराया। मैच के बाद सबसे ज्?यादा चर्चा वैभव सूर्यवंशी (र्ङ्क्षैभव एर्दर्द्बेर्हिप) के विकेट की हो रही है। दिल्?ली कैपिटल्?स ने सबसे बड़ा खतरा माने जा रहे वैभव को सस्?ते में समेट दिया। काइल जैमीसन ने 4 के स्?कोर पर वैभव को बोल्?ड किया।

### आक्रामक तरीके से जश्न मनाया

इस विकेट के बाद उन्?होंने जिस आक्रामक तरीके से जश्न मनाया, उसके लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैमीसन को



आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने फटकार भी लगाई। मैच के बाद जैमीसन ने सूर्यवंशी के साथ अपने मुकाबले के बारे में बात की। जैमीसन ने कहा कि उन्हें किसी 15 साल के खिलाड़ी से इतना डर कभी नहीं लगा जितना वैभव से लगा।

### प्लान कारगर साबित हुआ

आईपीएल वेबसाइट पर शेयर किए गए एक वीडियो में जैमीसन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैंने अपने जीवन में कभी किसी 15 साल के लड़के से इतना डर महसूस किया है। लेकिन हां, हमने मैच से पहले थोड़ी बहुत योजना बनाई थी। यह अच्छा हुआ कि वह प्?लान कारगर साबित हुआ।' कीवी गेंदबाज ने कहा, 'राजस्थान को उनके टॉप-2 बल्लेबाजों ने ही टीम को शानदार शुरुआत दिलाई है। मिचेल स्?टार्क ने ऊंची फुल टॉस गेंद पर एक विकेट लिया और मैंने यॉर्कर पर एक विकेट। शुरुआत में ही अच्छी शुरुआत करना और पावर प्ले में थोड़ी-बहुत गति को नियंत्रित करना अच्छा रहा।'

### स्टार्क की तारीफ की

चोटिल लुंगी एनगिडी की जगह दिल्?ली कैपिटल्?स टीम में आए जैमीसन ने 4 ओवर में 48 रन देकर 1 विकेट चटकाया। वहीं मौजूदा सीजन का पहला मैच खेल रहे मिचेल स्?टार्क ने 3 शिकार किए। जैमीसन ने स्?टार्क के बारे में कहा, 'वह विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। जब भी आपके स्?क्वॉड में उनके जैसा कोई खिलाड़ी हो, तो यह बहुत फायदेमंद होता है। वह सही समय पर आए, हमें पॉइंट्स टेबल में थोड़ा आगे बढ़ने की जरूरत थी। उनके साथ नई गेंद से गेंदबाजी करना अच्छा लगा, वह वाकई लाजवाब हैं।'

## आज सुपर संडे में एसआरएच का पहला मैच पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंचना मकसद

**हैदराबाद ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में आज सीजन का 45वां मैच राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें जीत के क्रम को जारी रखना चाहेंगी। एसआरएच को शुरुआती 4 मुकाबलों में सिर्फ 1 ही जीत नसीब हुई थी, लेकिन इसके बाद गेंदबाजी आक्रमण में किए गए सुधारों की बदौलत 'ऑरेंज आर्मी' ने लगातार पांच मुकाबले अपने नाम किए। अगर एसआरएच इस मैच को अपने नाम करती है, तो यह टीम 14 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। पैट कमिंस की वापसी ने टीम को मजबूती दी है।

पिछले 2 मैच जीतकर आ रही केकेआर दूसरी ओर, केकेआर के लिए यह सीजन संघर्षपूर्ण रहा। इस टीम ने शुरुआती 6 में से 5 मुकाबले गंवा दिए, जबकि एक मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा। इसके बाद केकेआर लगातार दो मैच अपने नाम करते हुए पॉइंट्स टेबल में आठवें स्थान पर पहुंची। एसआरएच के खिलाफ इस मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स के खेमे में मथीशा पथिराना अपना डेब्यू कर सकते हैं। श्रीलंका के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को उनके अनोखे गेंदबाजी एक्शन के लिए जाना जाता है।

कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच अब तक कुल 31 आईपीएल मैच खेले गए हैं, जिसमें केकेआर ने 19 मुकाबले अपने नाम किए, जबकि एसआरएच को 11 मुकाबलों में जीत मिली। एक मैच टाई पर समाप्त हुआ था।

## रोहित शर्मा ने डगआउट से लिया सीएसके का विकेट, एक इशारे ने मुंबई इंडियंस को दिलाई सफलता

**चेन्नई।** रोहित शर्मा इंजरी की वजह से आईपीएल 2026 में अभी नहीं खेल रहे हैं। वह टीम के साथ हर मैच में नजर आते हैं लेकिन प्लेइंग इलेवन में नहीं होते। आरसीबी के खिलाफ सीजन के 20वें मैच के दौरान रोहित के हैमस्ट्रिंग में दिक्कत आई थी। वह रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। तब बताया गया था कि उन्हें गंभीर चोट नहीं है। लेकिन इसके बाद भी अभी तक प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली है। इसके बाद भी रोहित डगआउट से ही मुंबई की मदद कर रहे हैं।



**रोहित के सुझाव से मिला विकेट-** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा का सुझाव काम आ गया। संजू सैमसन के आउट होने के बाद भी चेन्नई सुपर किंग्स तेजी से रन बना रही थी। 5वें ओवर में रोहित ने डगआउट से स्पिनर को गेंदबाजी करने का इशारा किया। अगले ओवर में कप्तान हार्दिक पंड्या अल्लाह अजनफर को लेकर आए। उन्होंने चौथी गेंद पर तेजी से रन बना रहे उर्विल पटेल को बोल्ड कर दिया। उर्विल ने 12 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 24 रन बनाए। स्टार स्पोर्ट्स ने इसे लेकर पोस्ट भी शेयर किया है।

**5 बार के चैंपियन कप्तान हैं रोहित शर्मा-** रोहित शर्मा आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान में गिने जाते हैं। वह 2013 से 2023 तक मुंबई इंडियंस के कप्तान रहे। इन 11 सीजन में मुंबई ने 5 खिताब जीते। 2024 सीजन से ?हले रोहित को हटाकर मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या को कप्तानी की जिम्मेदारी दी थी।

# मानपुर डबल मर्डर : मुख्य आरोपी ओंकारेश्वर से गिरफ्तार

### 14 केस दर्ज और जिला बदर भी रह चुका है, फरार साथियों की तलाश जारी

## शादी का विवाद बना कत्ल की वजह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

मानपुर थाना क्षेत्र में गत 29 अप्रैल की रात हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी को सनावद-ओंकारेश्वर क्षेत्र से घेराबंदी कर दबोच लिया है। पकड़ा गया आरोपी शातिर अपराधी है और उस पर विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि हत्या की जड़ें ग्राम कुवाली में हुए एक शादी समारोह से जुड़ी हैं। वहां ग्राम नादेड़ के पुराने विवाद को लेकर आरोपियों और मृतकों के बीच तीखी कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़ितों को फोन कर बुलाया और फिर पीछा कर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। 29 अप्रैल की रात पटेल जिम के सामने, जानापाव एबी रोड पर आरोपियों ने अतुल मकवाना और शैलेन्द्र सिंगाड पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला किया था। इस हमले में दोनों की मौत हो गई थी, जबकि उनके साथी बलराम डावर गंभीर रूप से घायल हुए थे। बलराम की शिकायत पर ही पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। मानपुर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से मुख्य आरोपी सौरभ पिता रामसिंह निवासी एकता नगर, इंदौर को गिरफ्तार किया। आरोपी सौरभ का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उसके खिलाफ भंवरकुआं और बाणगंगा थानों में मारपीट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस सहित करीब 14 मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में जिला बदर भी रह चुका है।

इस हत्याकांड में शामिल एक अन्य प्रमुख आरोपी शैलेन्द्र उर्फ बाबा निवासी भावना नगर और उसके 4 साथी अब भी फरार हैं। मानपुर थाना प्रभारी महेंद्र मकाश्रे के अनुसार, मुख्य आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि हत्याकांड से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाए जा सकें। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## चरित्र शंका में पत्नी को पानी के पाइप से बेरहमी से पीटा

*इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र के पालाखेड़ी में रहने वाले एक शख्स ने अपनी पत्नी पर चरित्र शंका करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपी पति ने पत्नी को लोहे या लकड़ी के बजाय पानी भरने वाले पाइप से शरीर के हर हिस्से पर वार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय पीड़िता निवासी पालाखेड़ी ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और शादी से पहले के संबंधों को लेकर पूछताछ करने लगा। उसने पत्नी पर आरोप लगाया कि वह शादी से पहले कई लोगों से बातचीत करती थी। जब महिला ने इन आरोपों को गलत बताया और कहा कि वह किसी से बात नहीं करती थी, तो पति आगबबूला हो गया। उसने पहले तो अश्लील गालियां दीं और जब पत्नी ने गाली देने से मना किया, तो उसने पास पड़ा पानी भरने वाला प्लास्टिक का पाइप उठा लिया। आरोपी ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए पत्नी के सिर और चेहरे पर वार किए, पीठ और पेट पर बेरहमी से मारा और दोनों हाथों, पैरों और होंठ पर चोट पहुंचाई। गंभीर रूप से घायल महिला ने गांधी नगर थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।*

## डीपी में लोड बढ़ा तो लग गई आग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पिपलियापाला रोड स्थित डीपी में अधिक लोड बढ़ने के कारण और इस बढ़ती गर्मी में आयल के गर्म हो जाने के कारण आग लग गई। रहवासियों ने कहा कि हमने पहले भी विद्युत मंडल में शिकायत की थी कि जितने लोड की डीपी है उससे डबल लोड इस डीपी पर दिया जा रहा है।

**छाय- नीलेश वर्मा।**



## हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला फर्जी कर्मचारी गिरफ्तार

### 25 हजार लेकर फर्जी जॉइनिंग लेटर थमाया था, पुलिस ने दबोचा

**इंदौर।** हाईकोर्ट में क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले फर्जी कर्मचारी को पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने महिला से 25 हजार रुपए लेकर उच्च न्यायालय का फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।



तलावली चंदा निवासी स्वाति बाथम ने पिछले दिनों पति के साथ तुकोगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि लक्ष्मण मेहरा ने खुद को हाईकोर्ट का कर्मचारी बताकर सहायक क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने 25 हजार रुपए नकद लिए और उच्च न्यायालय जबलपुर की फर्जी सील लगा जॉइनिंग लेटर दे दिया। कुछ दिनों बाद संदेह होने पर महिला ने हाईकोर्ट में पत्र की जांच करवाई तो वह पूरी तरह फर्जी निकला। शिकायत मिलते ही पुलिस ने केस कायम किया और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मण मेहरा उम्र 31 साल निवासी ग्राम खुरपा जिला नरसिंहपुर, हाल मुकाम विजय नगर को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी मेघदूत चौपाटी पर मुलाकात कर खुद को रसूखदार कर्मचारी बताता था और भरोसा जीतने के लिए फर्जी आवेदन पत्र देता था। बाद में गीता भवन चौराहे पर बुलाकर फर्जी जॉइनिंग लेटर सौंपता था. पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी ने और कितने लोगों को निशाना बनाया है और उसके साथ कौन कौन शामिल है। मामले में तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, उससे पूछताछ जारी है और अन्य संभावित पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## एमबीए छात्र की संदिग्ध मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में बीती रात एक एमबीए छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम अमित पिता सुरेश यादव (26) है। वह मूल रूप से बैतूल का रहने वाला था। अमित इंदौर के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर एक किराए का कमरा लेकर रहता था और यहीं से अपनी एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को कमरे में रहने के दौरान अचानक अमित की तबीयत खराब हो गई। उसकी स्थिति बिगड़ती देख उसका दोस्त उसे तुरंत उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन अस्पताल में प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि अमित के पिता बैतूल में शिक्षक हैं और उसका बड़ा भाई भी माता-पिता के साथ बैतूल में ही रहता है। फिलहाल छात्र की मौत का सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। भंवरकुआं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी कि मौत किसी बीमारी की वजह से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

## डिश एंटीना लगाते समय दूसरी मंजिल से गिरा युवक, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।**लसूड़िया थाना क्षेत्र में करीब 20 दिन पहले डिश एंटीना लगाने के दौरान छत से गिरे एक व्यक्ति की एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरी मंजिल से गिरने के कारण मृतक के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके बाद से वह अस्पताल में भर्ती था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम राजेश पिता श्यामलाल विनेखा (46) निवासी पिंक सिटी है। घटना 13 अप्रैल की है। राजेश निरंजनपुर क्षेत्र स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल पर डिश एंटीना फिट करने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने की वजह से वह सीधे नीचे जमीन पर आ गिरे। हादसे के तुरंत बाद उन्हें गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया था, जहाँ शनिवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## शराब के लिए 2 हजार दो वरना चेहरा खराब कर दूंगा

### घर के गेट पर युवती को चाकू से गोदा

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में काम से लौट रही एक युवती को उसके घर की दहलीज पर ही राजस्थान के एक बदमाश ने घेर लिया। शराब के लिए पैसे मांगने और मना करने पर आरोपी ने महिला के चेहरे और शरीर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। पुलिस के अनुसार, फरियादी मनीषा दुगारिया निवासी बी.के. हरिजन कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करती हैं। घटना के समय वह अपनी ड्यूटी खत्म कर घर लौटी थीं। जैसे ही वह अपने घर के गेट का ताला खोलने लगीं, तभी आरोपी विक्रम तवर निवासी ग्राम दांगीपुरा, जिला झालावाड़, राजस्थान हाथ में छोटा चाकू लेकर उनके पीछे आ धमका। आरोपी विक्रम ने मनीषा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उससे शराब पीने के लिए 2000 रुपये की मांग की। आरोपी ने चिल्लाकर धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो तेरा चेहरा खराब कर दूंगा और कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ूंगा।जब मनीषा ने हिम्मत दिखाते हुए पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और अपने पास रखे चाकू से मनीषा पर हमला बोल दिया। आरोपी ने मनीषा के दाहिने गाल पर चाकू मारा, पीठ और दाहिनी हथेली पर भी चोट पहुंचाई। हमले के बाद मनीषा के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपी विक्रम तवर मौके से भाग निकला। जूनी इंदौर पुलिस ने मनीषा की शिकायत पर आरोपी विक्रम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## जिंसी हाट में शिफ्ट होगा मल्हारगंज थाना

*बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया थाना परिसर, आला अफसरों ने परखीं व्यवस्थाएं*

**इंदौर।** मल्हारगंज थाने को नए परिसर में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। इसी सिलसिले में शनिवार को पुलिस कमिश्नर स्वयं जिंसी हाट पहुंचे और थाने के लिए आवंटित की गई नई बिल्डिंग का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने बिल्डिंग के बुनियादी ढांचे, पुलिसकर्मियों के बैठने की व्यवस्था और फरियादियों के लिए जरूरी सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के साथ डीसीपी (जोन-1) कृष्ण लालचंदानी, एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा, और एसीपी विवेक सिंह



चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बिल्डिंग के हर हिस्से का मुआयना किया और यह सुनिश्चित किया कि शिफ्टिंग के बाद थाने के कामकाज में किसी प्रकार की बाधा न आए।पुराने थाना परिसर में जगह की कमी और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए प्रशासन ने इसे जिंसी हाट में शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। नए स्थान पर थाना होने से क्षेत्र में पुलिस की पहुंच और अधिक सुगम होगी। साथ ही, आधुनिक सुविधाओं वाले इस नए परिसर में रिकॉर्ड रूम, हवालात और अधिकारियों के कार्यालयों को व्यवस्थित तरीके से तैयार किया जा रहा है।निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि बिल्डिंग की फिनिशिंग और अन्य तकनीकी कार्यों को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद औपचारिक रूप से मल्हारगंज थाने का कामकाज जिंसी हाट से संचालित होना शुरू हो जाएगा। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस बदलाव से थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।